दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








नई दिल्ली। सोमवार 04 नवंबर-2024 • वर्ष: 9 अंक: 311 पेज-12 • RNI NO. DELHI/2015/65364 • मूल्य: ₹3


# सीएम योगी को धमकी देने वाली आरोपी महिला फातिमा गिरफ्तार

**आरोपी महिला का नाम फातिमा खान है। महिला काफी पढ़ी-लिखी है, मगर पुलिस सूत्रों के अनुसार, मानसिक रूप से अस्थिर लग रही है।**



**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक महिला को हिरासत में लिया है। मुंबई पुलिस ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में 24 वर्षीय एक महिला को हिरासत में लिया है। आरोपी महिला का नाम फातिमा खान है। महिला काफी पढ़ी-लिखी है, मगर पुलिस सूत्रों के अनुसार, मानसिक रूप से अस्थिर लग रही है। बता दें कि मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप नंबर पर शनिवार को एक अज्ञात नंबर से एक संदेश आया था। इस मैसेज में धमकी दी गई थी कि अगर आदित्यनाथ 10 दिनों के भीतर सीएम पद से इस्तीफा नहीं देते हैं, तो उन्हें एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की तरह मार दिया जाएगा। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि फातिमा खान ने ही यह मैसेज भेजा था।

किसी अज्ञात ने मुंबई पुलिस कंट्रोल को मैसेज कर सीएम योगी को जान से मारने की धमकी दी है। मुंबई पुलिस ने इस धमकी की जानकारी यूपी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने इस मामले पर तत्परता दिखाते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए कई ऐंगल पर एक साथ जांच कर रही है। साथ ही जरूरत पड़ने पर मुंबई पुलिस से भी सहायता ली जाएगी।

पहली बार नहीं है जब सीएम योगी को धमकी दी गई है। पिछले साल दिसंबर में और फिर मार्च 2024 में भी जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसी साल मार्च में लखनऊ के महानगर स्थित नियंत्रण कक्ष में फोन कर सीएम योगी आदित्यनाथ को धमकी दी गई थी। पुलिस ने बताया था कि रात करीब 10 बजे एक नंबर से कॉल आई थी। कथित तौर पर एक युवक ने फोन कर सीएम योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की बात कही थी।

# जब सांसद अतुल गर्ग ने पुलिस अधिकारी से कहा एकदम स्पष्ट
## अपराधी की ना मने दिवाली और नागरिकों को नहीं होना चाहिए कष्ट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग अब लोकसभा सांसद हैं और सांसद बनने के बाद जहां राष्ट्रीय संगठन ने उनकी नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताते हुए उनके कई प्रभार दिये हैं वहीं खुद अतुल गर्ग भी सांसद बनने के बाद अब धुंआधार पारी खेल रहे हैं। वो जब भी अपने क्षेत्र में होते हैं तो जनसमस्याएं सुनते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि अतुल गर्ग का फोकस किसी भी विषय पर घमासान का नहीं होता है बल्कि समाधान का होता है वो समाधान पर फोकस करते हैं, वो सांसद हैं तो उनके यहां जनता एक उम्मीद के साथ अपनी शिकायत लेकर आती है और अतुल गर्ग भी समाधान की ओर बढ़ते हैं।



वो जानते हैं कि समाधान के साथ-साथ मामले का दस्तावेज भी रखना है इसलिए वो अधिकांश मामलों में पत्र जरूर लिखते हैं, लेकिन जब मामला मौके पर ही समाधान देने का हो तो फिर वो पीछे भी नहीं रहते हैं।

मामला उनके आवास का है जहां लोग उन्हें दीपावली की बधाई दे रहे हैं। इनमें जनता के लोग भी हैं। तभी वहां एक व्यक्ति लोनी से आता है और अपनी व्यथा बताता है। उस व्यक्ति के साथ लगभग आठ दस लोग और भी हैं। उस व्यक्ति ने बताया कि लोनी में सरकारी जमीन पर कब्जा हो रहा था और मैंने उसकी शिकायत की थी। मेरी शिकायत के बाद वहां के एसडीएम ने संबंधित स्टाफ को लेकर कार्यवाही की, मगर उस व्यक्ति ने बताया कि इस कार्यवाही से नाराज होकर मुझे भूमाफिया ने मारा पीटा और वह व्यक्ति इंसाफ चाहता है। अतुल गर्ग ने तुरंत ही अपने प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वालों से कहा कि वह इस मामले में अधिकारियों को पत्र लिखें और इसको इंसाफ मिले। तभी उस व्यक्ति ने कहा कि सांसद जी अगर आप एक बार कार्यवाही के लिये पुलिस अधिकारी को फोन कर देंगे तो मेरा मनोबल बढ़ जायेगा।

अतुल गर्ग ने तुरंत ही सरकारी भूमि को कब्जे से बचाने वाले उस व्यक्ति की बात को गौर से सुना और तत्काल ही पुलिस अधिकारी को फोन मिला दिया। यहां सांसद अतुल गर्ग ने पुलिस अधिकारी से कहा कि ये योगी सरकार है ये मोदी राज है और यहां कोई भी कितना दबंग हो मगर बदमाशी नहीं चलेगी।

बदमाश ही बदमाशी भी करेगा और दिवाली भी मनाएगा ऐसा भी नहीं होगा। अपने शब्दों में समझा दिया कि निर्दोश को कष्ट नहीं होना चाहिए और अपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। सांसद अतुल गर्ग के इस अंदाज से लोनी से आया व्यक्ति गदगद हो गया और उसने कहा कि अब मुझे पूरा भरोसा है कि मुझे इंसाफ मिलेगा।

### सांसद के आवास पर दिल्ली वालों की भीड़

अतुल गर्ग का जबदरस्त प्रमोशन हुआ है। वो शहर विधायक से पूरे जिले के लोकसभा सांसद बने हैं। संगठन की बात करें तो वो राष्ट्रीय कद लिये हुए हैं। अगर कद की बात करें तो ये इंटरनेशनल भी हो गया है। वो राष्ट्रपति के साथ राजकीय यात्रा पर जा चुके हैं। वो चंडीगढ़ बिहार के बाद दिल्ली प्रदेश के सहचुनाव प्रभारी हैं। अतुल गर्ग के आवास पर इन दिनों दिल्ली वालों का भी मेला है। दिल्ली में चुनाव होने हैं और दिल्ली वालों को भी पता है कि दिल्ली की सियासत का रास्ता गाजियाबाद कविनगर केडी-14 से होकर गुजरेगा। लिहाजा चुनाव वाले दावेदार यहां आ रहे हैं। अतुल गर्ग सियासत के पुराने खिलाड़ी है, गंभीर फिगर हैं और वे जानते हैं कि ऐसे मौकों पर मयार्दा भी कैसे कायम रखनी है और सिष्टाचार का पालन होना है। दिल भी नहीं तोड़ना है और दल वाली लक्ष्मण रेखा भी पार नहीं होने देंगे।

## शहर विधानसभा उपचुनाव में देने के लिए धार
# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व सीएम अखिलेश यादव आ रहे हैं लाइनपार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी रण की घड़ियां अब धीरे-धीरे नजदीक आ रही है। त्योहार का सीजन निपट गया है और अब चुनावी वार की तैयारी हो रही है। यहां सभी अपने-अपने दलों को चुनावी बल देने के लिये आ रहे हैं। इस बार उपचुनाव में चुनावी फोकस में लाइनपार का इलाका है। सूत्र बताते हैं कि शहर विधानसभा के उपचुनाव में तैयारियों को धार देने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव लाइनपार आ रहे हैं।





सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आठ नवंबर को आ सकते हैं। पहले उनका कार्यक्रम छह नवंबर का था अब यह कार्यक्रम आगे बढ़ गया है और इसकी तारीख आठ नवंबर बताई जा रही है। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के लिये जनसभा की भी अनुमति मिल रही है। वहीं इस बात की भी प्रबल संभावना है कि लाइनपार क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा के पक्ष में रोड शो कर सकते हैं।

वहीं दस नवंबर को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी आ रहे हैं। वह भी यहां रोड शो कर सकते हैं। फिलहाल दोनों ही पार्टियों के बड़े चहरे अपने-अपने उम्मीदवारों को सपोर्ट करने के लिये लाइनपार क्षेत्र में आ रहे हैं। अब यहां दोनों ही दलों के संगठन पदाधिकारियों के सामने भीड़ जुटाने की चुनौती है क्योंकि बड़े नेता आएंगे तो भीड़ होनी चाहिए। बड़े नेता और भीड़ के बीच एक संतुलन सधता है तो चुनाव का एक माहौल बनता है।यहां सपाइयों के लिये बड़ी चुनौती है क्योंकि जानकार ये मान रहे हैं कि जब सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आएंगे तो यहां भीड़ जुटाने के लिये कांग्रेसी इतना पसीना नहीं बहाएंगे। ऐसे में अगर भीड़ कम रहती है तो इसका मैसेज जनता के बीच जाएगा।

# भाजपा के गुरुजी ने बनाए छह हजार से भी ज्यादा प्राथमिक सदस्य
## उनके पुत्र विकास तोमर ने बनाए चार हजार प्लस भाजपा के प्राथमिक सदस्य

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा में गुरूजी के नाम से मशहूर पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर अब सांसद नहीं हैं लेकिन वे पूरी तरह से एक्टिव रहते हैं। उनके भीतर का कार्यकर्ता हमेशा जिंदा रहता है। भाजपा के सदस्यता अभियान में उनकी भागीदारी एक बड़ा उदाहरण है। भाजपा के गुरुजी यानी पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने छह हजार से भी ज्यादा प्राथमिक सदस्य बनाए हैं। पूर्व सांसद रमेशचंद तोमर ने 6308 प्राथमिक सदस्य बनाए और पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर को कविनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर ने भाजपा की सक्रिय सदस्यता दिलाई। रमेश चंद तोमर स्वयं भी एक्टिव रहते हैं और उनके पुत्र विकास तोमर भी भाजपा में सक्रिय रहते हैं। विकास तोमर ने 4001 प्राथमिक सदस्य बनाए हैं। विकास तोमर को भी कविनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर ने भाजपा की सक्रियता सदस्यता दिलाई।





# गाजियाबाद कचहरी में आज रहेगी हड़ताल
## इलाहाबाद सहित कई जगह कार्य बहिष्कार की घोषणा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद कचहरी के कोर्ट रूम में हुए लाठीचार्ज और हंगामे का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को कई दिनों के बाद कोर्ट खुलने की उम्मीद थी लेकिन मिली जानकारी के अनुसार अधिवक्ताओं ने हड़ताल की घोषणा कर दी है।

हड़ताल का असर केवल गाजियाबाद ही बल्कि दिल्ली-एनसीआर के बाद अब पश्चिम यूपी से लेकर पूर्वी यूपी तक पहुंच गया है। गाजियाबाद बार एसोसिएशन के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता भी साथ आ गए हैं। इसके साथ ही लखनऊ, इलाहाबाद, मेरठ, अवध की बार एसोसिएशन ने गाजियाबाद कोर्ट रूम में हुई घटना की निंदा करते हुए कार्य बहिष्कार की घोषणा कर दी है। अधिवक्ताओं और बार एसोसिएशनों ने मांग की है कि इस पूरे मामले में जिला जज और लाठीचार्ज करवाने वाले पुलिस अधिकारियों पर तत्काल एक्शन होना चाहिए। उधर गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा को कहना है कि सोमवार को सभी वकील कार्य बहिष्कार करेंगे और धरना-प्रदर्शन रहेगा।

### हड़ताल को लेकर पुलिस हुई अलर्ट




### कचहरी में लगाए गए तख्त, आज होगा धरना-प्रदर्शन



करंट क्राइम : गाजियाबाद बार एसोसिएशन सोमवार को कार्य बहिष्कार की घोषणा कर चुकी है। तो वहीं उनके समर्थन में कई और बार एसोसिएशन खुलकर आ गई हैं। सोमवार को गाजियाबाद की अधिवक्ता कार्य बहिष्कार करेंगे। इसके लिए रविवार से ही गाजियाबाद तहसील में अधिवक्ताओं ने तख्त, बेंच और कुर्सियां लगानी शुरु कर दी है ताकि सोमवार को वह धरना प्रदर्शन कर सकें। धरना प्रदर्शन शांतिपूर्वक रहेगा अधिवक्ताओं की ओर से जानकारी मिल रही है। उधर पुलिस इस पूरे मामले पर नजर रखे हुए है। हालांकि उम्मीद है की हड़ताल की वजह से पुलिसकर्मी कोर्ट और कचहरी परिषद से दूर ही रहेंगे।

### लगातार अधिवक्ता और बार एसोसिएशन का मिल रहा है समर्थन

करंट क्राइम : पुलिस द्वारा कोर्ट रूम में अधिवक्ताओं पर किए गए लाठीचार्ज का विरोध पूरे प्रदेश में शुरू हो चुका है। अधिवक्ताओं को और बार को



लगातार अलग-अलग प्रमुख बेंच का समर्थन मिल रहा है। तो वहीं हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता गाजियाबाद में हुई घटना की निंदा करते हुए अधिवक्ताओं का समर्थन कर रहे हैं। बता दें कि अधिवक्ता नाहर सिंह यादव और जिला जज के बीच में एक जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान बहस हुई थी। जिसके बाद जिला जज के रूम में पुलिस ने अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज किया था। इस लाठीचार्ज में कई पुलिसकर्मी और अधिवक्ता घायल हुए थे, तभी से यह पूरा विवाद चल रहा है।

### आज जांच समिति करेगी दौरा

करंट क्राइम : उप्र बार काउंसिल ने इस पूरी घटना की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति बनाई थीं। जिसमें कहा गया है कि दोषी पुलिस व न्यायिक अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे। कौंसिल ने इलाहाबाद हाई कोर्ट से ऐसे अधिकारियों पर कारवाई की मांग की है। अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ की ओर से जारी विज्ञप्ति में आरोप लगाया है कि हाई कोर्ट या उप्र बार काउंसिल के संज्ञान बिना ही पुलिस व आरएएफ बुलाकर लाठीचार्ज करा दिया गया। जांच समिति में पूर्व में अध्यक्ष रह चुके व वर्तमान में सदस्य रोहिताश्व कुमार अग्रवाल, मधुसूदन त्रिपाठी, अरुण कुमार त्रिपाठी, अजय यादव व प्रशांत सिंह अटल शामिल हैं। बता दें कि इस पूरे मामले में बार काउंसिल आफ इंडिया की एक टीम जिसमें 5 सदस्यों को नामित किया गया है, वह सोमवार को गाजियाबाद के भ्रमण पर रहेगी। वह यहां अधिवक्ताओं और अन्य पदाधिकारियों से बातचीत कर अपनी रिपोर्ट भेजने का काम करेगी।

# सपा सुप्रीमो ने बढ़ाया सपा नेता अभिषेक गर्ग का सम्मान
## इंपीरियल फार्म हाउस में होगा अखिलेश यादव का प्रोग्राम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी के सौम्य चेहरों की बात होती है, शिक्षित चेहरों की बात होती है और समर्पित चेहरों की बात होती है तो गाजियाबाद में अभिषेक गर्ग का नाम सबसे पहले आता है। अभिषेक गर्ग समाजवादी पार्टी के कर्मठ चेहरे हैं, उच्च शिक्षित हैं और वैश्य समाज से आते हैं। अभिषेक गर्ग की जनछवि ऐसी है कि विपक्षी दल के नेता भी उन्हें सम्मान देते हैं। वो कारोबारी हैं और समाजवादी पार्टी में प्रदेश सचिव भी हैं। ये उनका व्यवहार है कि वो सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के दिल में भी अपना एक स्थान बनाए हुए हैं। अखिलेश यादव ने एक तरह से अभिषेक गर्ग का मान बढ़ाया है और उन्होंने पांच नवंबर को होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन के लिये अभिषेक गर्ग का इंपीरियल फार्म हाउस फाइनल किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रोग्राम अब अभिषेक गर्ग के फार्म हाउस में होगा।

सूत्र बताते हैं कि यहां पर अभिषेक गर्ग के फार्म हाउस के अलावा अन्य दो नाम भी भेजे गए थे लेकिन सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने अभिषेक गर्ग के फार्म हाउस को ही हरी झंडी दी। ये संदेश है कि अखिलेश यादव अपने कार्यकताओं पर भरोसा करते हैं। वो एक संदेश देते हैं और यहां उन्होंने सदेंश दिया है और अपने समर्पित कार्यकर्ता का मनोबल बढ़ाया है। अब अखिलेश यादव आ रहे हैं तो कार्यकताटों में खुशी है।

### अभिषेक गर्ग का है इसलिए बड़ा सियासी किरदार



अभिषेक गर्ग समाजवादी पार्टी से टिकट के दावेदार थे। सूत्र बताते हैं कि अभिषेक गर्ग की मुलाकात भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से हो गई थी और उनका टिकट भी लगभग फाइनल हो गयाथा। बाद में स्टोरी में पीडीए फैक्टर आ गया और फिर दलित कोटे से यहां उम्मीदवार आ गया। आमतौर पर ये होता है कि अगर किसी दावेदार का नाम प्रबलता से चलने के बाद उम्मीदवारी में ना बदले तो वो नेता दूरी बना लेता है। लेकिन अभिषेक गर्ग ने जो किया उससे पता चलता है कि इसलिए उनका बड़े दिल वाला किरदार है। इधर उनका टिकट कटा और उधर सपा ने दलित चेहरा उतारा, लेकिन अभिषेक गर्ग अगले दिन से पूरी तरह एक्टिव थे। वो सपा कार्यकर्ता की तरह चुनाव में जुटे हैं। अब कार्यकर्ता सम्मेलन उनके फार्म हाउस में होना है। अभिषेक गर्ग ने हमेशा से बड़ा दिल दिखाया और फिर चाहे सपा सम्मेलन हो, सपा युवजन की मेंगों पार्टी हो हर समाजवादी के लिये अभिषेक गर्ग ने अपने फार्म हाउस के दरवाजे खोले रखे हैं।

# 4 महीने बाद खुला दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** चार महीने से बंद नेहरू नगर स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम का ताला आखिरकार खुल ही गया। ऑडिटोरियम का संचालन करने वाली कंपनी की ओर से बकाया राशि का भुगतान किए जाने पर सील परिसर को खोल दिया गया है। बकाया जमा नहीं कराने पर सात अगस्त को निगम ने कंपनी के खिलाफ वसूली की कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से रिकवरी सर्टिफिकेट (आरसी) जारी की थी।



बड़े बकाएदारों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान 19 जून को नगर निगम के टैक्स विभाग ने कार्रवाई करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम को सील कर दिया था। इस ऑडिटोरियम के संचालन का जिम्मा संभाल रही कंपनी मैसर्स रैली इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड पर निगम का लगभग 1.89 करोड़ रुपया बकाया था। 11 अगस्त को महापौर सुनीता दयाल ने पत्रकार वार्ता के दौरान बकाया राशि का भुगतान न होने पर कार्रवाई में देरी पर सवाल उठाए थे। नगर निगम की तरफ से सात अगस्त को वसूली के लिए आरसी जारी करने की बात कही गई थी। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा ने बताया कि ऑडिटोरियम का संचालन करने वाली कंपनी द्वारा बकाया भुगतान किए जाने पर सील खोल दी गई है।

**रमतेराम रोड शॉपिंग कांप्लेक्स अभी सील :** रमतेराम रोड स्थित शॉपिंग कांप्लेक्स पर भी नगर निगम का दो करोड़ रुपये से ज्यादा बकाया था। कांप्लेक्स और इसके अंदर पार्किंग परिसर को भी 19 जून को सील किया गया था। इसका संचालन भी ऑडिटोरियम का जिम्मा संभालने वाली कंपनी कर रही थी। हालाकि, अभी शॉपिंग कांप्लेक्स की सील नहीं खोली गई है।

# क्या पुलिस कमिश्नरेट में होने वाली है किसी आईपीएस की एंट्री
## चुनाव के मद्देनजर किसे मिल सकती है पोस्टिंग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में वैसे तो वर्तमान में आधा दर्जन से अधिक आईपीएस अधिकारी तैनात हैं लेकिन दीपावली के बाद सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आने वाले दिनों में एक आईपीएस अधिकारी की एंट्री और हो सकती है। सुनने में आया है कि शहर सीट पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर इनको यहां भेजा जा रहा है।

यह चुनाव पर निगरानी के साथ ही अपनी ड्यूटी को भी अंजाम देंगे। उधर मुख्यालय वाले सूत्र बता रहे हैं कि 2022 बैच के किसी आईपीएस अधिकारी को गाजियाबाद में तैनाती मिल सकती है, ऐसी चर्चा सुनाई दे रही है। कहा जा रहा है कि यह आदेश 10 तारीख से पहले आ सकता है, अगर ऐसा होता है तो पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में आईपीएस अधिकारियों की संख्या में इजाफा माना जाएगा।

### क्या नई पोस्टिंग से बदलेंगे कमिश्नरेट में समीकरण

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि अगर आने वाले दिनों में आईपीएस अधिकारी की पोस्टिंग हो जाती है, तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के समीकरणों में कुछ बदलाव भी देखने को मिल सकता है। देखना होगा कि इसका किस जोन और सर्किल में असर होता है और कौन सा फेस रेस से बाहर होता है और किसको रेस में रफ्तार मिलती है। कहा जा रहा है कि आईपीएस की पोस्टिंग के बाद कुछ समीकरण बदलेंगे।

### क्या नवंबर में फिर बदलेंगे कई फेस

करंट क्राइम : उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि 26 नवंबर के आसपास पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कुछ थाना प्रभारियों और एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव देखने को मिल सकता है। इसके कयास बीते कुछ दिनों से चले आ रहे घटनाक्रम को लेकर लगाए जा रहे हैं। देखना होगा कि कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के दो वर्ष पूरे होने पर किसका फेस और प्लेस बदल जाता है और कौन यहां अपना प्लेस सेफ रखता है।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# गठबंधन के लिए बड़ी चुनौती होगा दलित वोटों को अपने पक्ष में साधना

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा में चुनाव की रणभेरी बज गई है। उम्मीदवार मैदान में आ गए हैं और अपने-अपने समीकरण के साथ चुनावी रेस शुरू हो गई है। अगर दलित वोटों की बात करें तो यहां इन वोटों के सहारे अपने चुनावी फैक्टर को बांधकर आ रही गठबंधन वाली पार्टी के लिये एक बड़ी चुनौती यही वोट बनेंगे। दरअसल यहां सियासी जानकार ये मान रहे हैं कि सपा पिछली बार के रिजल्ट को लेकर उत्साहित हैं। यहां उसका उम्मीदवार जीता नहीं था लेकिन वो




बड़ी मात्रा में वोट ले गया था और सपा का थिंक टेंक ये मानता है कि विशाल वर्मा को जनरल सीट पर दलित चेहरा होने का लाभ मिला और उन्होंने बसपा उम्मीदवार को भी पछाड़ दिया, लेकिन खुद सपा और कांग्रेस के नेता ऑफ द रिकॉर्ड ये मान रहे हैं कि इस बार सीन हार्ड है। वो गठबंधन के लिये एक बड़ी चुनौती दलित वोटों को एक गठरी में बांधकर चल रहे हैं। उनका कहना है कि तब विशाल वर्मा अकेले उम्मीदवार थे और इस बार ये गठरी तीन तरफ से खुलेगी। जहां भीम आर्मी चीफ यानि आजाद समाज पार्टी का उम्मीदवार मैदान में है, यहां ओवैसी की पार्टी से दलित चेहरा मैदान में आ गया है। ऐसे में एक बड़ा फैक्टर बसपा का हाथी भी है। क्योंकि बसपा एक ऐसी पार्टी है जिसका कैडर वोट है और कोई कितना भी दलित कार्ड खेल ले लेकिन ये कैडर वोट बसपा को जाता है। ऐसे में अगर सपा-कांग्रेस गठबंधन को ये लग रहा है कि वो डीएम वाले डी में सेंध लगा रही है तो ये उसकी गलतफहमी है क्योंकि मतदान के दिन ये गठरी खुल जाएगी। अभी ये गठरी बंद दिखाई दे रही है, लेकिन चुनाव जैसे-जैसे पीक पर आएगा वैसे-वैसे गठबंधन का डीएम वीक हो जाएगा।

## भीम आर्मी से लेकर बसपा का हाथी खड़े हैं राह में और ओवैसी की पतंग भी रोकेगी रास्ता

### भीम आर्मी चीफ का मैजिक और दलित यूथ



**करंट क्राइम।** अगर डीएम फैक्टर की बात करें तो यहां अकेले डी में बिखराव है। यहां भीम आर्मी चीफ चन्द्रशेखर की पार्टी आजाद समाज पार्टी ने सतपाल चौधरी को मैदान में उतारा है। सतपाल चौधरी चुनाव के खिलाड़ी हैं और वो लंबे समय से उम्मीदवार घोषित होकर मैदान में उतरे हुए हैं। पांच नवंबर को नगीना सांसद चंद्रशेखर का रोड शो होना है। यहां ताकत का मुलाहिजा होना है, वहीं सियासी नब्ज को भांप रहे चुनावी विश्लेषक ये बताते हैं कि दलित यूथ में केतली मजबूत है। चंद्रशेखर के सांसद बनने के बाद दलित वर्ग का नवमतदाता चंद्रशेखर से प्रभावित है। वह उनके नए रोल मॉडल बनकर उतरे हैं और ऐसे में दलित यूथ केतली को मजबूती देगा।

### हाथी के बागी ओवैसी की पार्टी से उड़ा रहे हैं पतंग



**करंट क्राइम।** सपा गठबंधन उम्मीदवार को शायद लोकसभा चुनावों के नतीजे से उम्मीदें हैं, लेकिन सियासी जानकार ये मानते हैं कि लोकसभा की नदी का पानी अलग था और विधानसभा उपचुनाव की नदी का पानी अलग है। बसपा ने यहां से रवि गौतम को उम्मीदवार बनाया और फिर उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया। रवि गौतम अब बागी होकर ओवैसी की पार्टी से पतंग के निशान पर उम्मीदवार हैं। ओवैसी की पार्टी को अगर कोई हल्के में ले रहा है तो वो इस बात को समझ लें कि ये पार्टी नगर निगम में अपना खाता खोल चुकी है। मुस्लिमों का युवा वर्ग पतंग के साथ है और कम मतदान में अगर पतंग की हवा का भी रूझान रहा तो फिर यहां दोनों ही डीएम यानी दलित और मुस्लिम आ सकते हैं और ये जो भी वोट लेंगे वो गठबंधन की गठरी को ढीला करेंगे।

### बसपा का कैडर वोट तो दबाएगा ही हाथी का बटन



**करंट क्राइम।** बसपा ने यहां अपना उम्मीदवार तो वैश्य वर्ग से उतारा है, लेकिन सियासी समीकरण बता रहे हैं कि हाथी को वैश्य समाज से माइलेज मिले या ना मिले लेकिन वैश्य उम्मीदवार को नीले वोटों का ही सहारा है। बसपा के उम्मीदवार बेहतर जानते है कि वो कैसा चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन महावत जानते हैं कि कैडर वोट तो आना ही आना है। कैडर वोट बसपा वालों के साथ जाएगा तो जाहिर रूप से गठबंधन की गठरी में ही एक तरह से सेंध लगाएगा। लाइनपार क्षेत्र में कितना वोट पड़ेगा और कितना वोट बंटेगा इस पर ही पूरा दारोमदार टिका है।

### अमरपाल बन तो गए हैं सारथी लेकिन कितना सधेगा समीकरण



**करंट क्राइम।** गठबंधन ने एक बार फिर से दलित कार्ड खेला और कहने वाले कह रहे हैं कि हर बार एक दांव नहीं चलता है। बड़े चेहरे, बड़े वादे हो तो गए, लेकिन तनाव बरकरार है। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा यहां गठबंधन के सारथी तो बने हैं लेकिन उन्हें भी यहां एक्स्ट्रा मेहनत करनी होगी। पूर्व एमएलसी राकेश यादव ने भी मोर्चा संभाला है लेकिन गठबंधन की गठरी में कितने वोट हैं। जिस डी और एम पर कैलकुलेशन बनाया जा रहा है वो डी और एम इलेक्शन में कितना मिलेगा। यहां दस साल से भाजपा एक बड़े अंतर से जीत रही है और इस अंतर में ही गठबंधन को अपने रणकौशल का जादूमंतर दिखाना है। अगर वो वोट को एक मुश्त ले आते हैं तो यहां उम्मीदें बनती है। हालांकि अभी दिन बाकी है और रणनीति बन भी सकती है।

## चुनावी बैठक



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के नवयुग मार्केट स्थित चुनाव कार्यालय पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया ने चुनावी बैठक ली। चुनाव संयोजक पूर्व मेयर अशु वर्मा के संयोजन में आयोजित इस बैठक में बूथ सम्मेलन के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी गई। इस बैठक में चुनाव प्रभारी तथा क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष हिमांशु मित्तल भी मौजूद रहे ।

# पांच दिनों में आई आग लगने की 178 फोन कॉल
## रही राहत की बात, किसी की जान पर नहीं आई आंच

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पांच दिनों तक दीपावली का पर्व चला और पांच दिनों के दौरान गाजियाबाद अग्निशमन विभाग को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत कुल 178 अग्नि हादसों की फोन कॉल कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त हुई हैं। वहीं सबसे ज्यादा राहत की बात यह रही की पांच दिनों में कोई भी ऐसा अग्नि हादसा नहीं हुआ जिसमें किसी को जान गंवानी पड़ी हो। किसके साथ ही दमकल विभाग गाजियाबाद की टीमों ने समय रहते आग पर काबू पाया और बड़ी जनहानि होने से रोकने का काम भी किया। इस दौरान करोड़ों रुपए की संपत्ति का नुकसान होने से भी बचाया गया है। दमकल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दीपावली की रात 31 अक्टूबर को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के सभी फायर स्टेशन को मिलाकर कुल 60 अग्निकांड की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसमें दमकल की टीमों ने और विशेष टीमों की तैनाती के चलते कम समय में आग बुझाते हुए स्थिति को कंट्रोल किया गया।

### दीपावली की रात हुए 60 से ज्यादा अग्निकांड





### मोदीनगर में सबसे कम हुए हादसे, तो वैशाली फायर स्टेशन पर आई सबसे ज्यादा सूचनाएं

**करंट क्राइम ।** दीपावली के पर्व पर 31 अक्टूबर को जनपद फायर स्टेशन में कुल 60 अग्नि हादसों की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसमें लोनी क्षेत्र में सात अग्नि हादसे हुए। वहीं मोदीनगर में केवल एक, साहिबाबाद में 14, वैशाली में 21 और कोतवाली में 17 अग्निकांड की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसमें फायरविभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तात्कालिक रूप से पहुंचकर आग का नियंत्रित किया गया । घटना स्थल और हादसों के प्रभावित व्यक्तियों को जीवन को सुरक्षित बचाते हुए करोड़ों रुपए की संपत्ति भी इस दौरान बचाई गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस दौरान किसी भी प्रकार की कोई जीवनहानी नहीं हुई है।

### मोटर अग्नि यूनिट रही कामयाब



**करंट क्राइम ।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद राहुल पाल ने बताया है कि इस बार दीपावली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए पहले ही 14 विशेष स्थान पर मोटर अग्नि यूनिट तैनात की गई थी। जिसमें दो अग्निशमन विभाग के कर्मचारी आग बुझाने के उपकरण और संसाधनों से लैस होकर सबसे पहले मौके पर पहुंचने का काम करते हैं। इन टीमों की तैनाती फायर स्टेशन कोतवाली, साहिबाबाद, वैशाली, मोदीनगर और लोनी के अंतर्गत प्रमुख 14 स्थानों पर की गई थी। जिसमें अटल चौक वसुंधरा, काला पत्थर इंदिरापुरम, खोड़ा थाना, फरुखनगर, सनी चौक लाजपत नगर, विजय नगर क्रॉसिंग रिपब्लिक, पुराना बस अड्डा, राज नगर एक्सटेंशन, चौपला घंटाघर, राज चौपला मोदीनगर, मुरादनगर, लोनी तिराहा डीएलएफ कॉलोनी पर अग्निशमन वाहनों पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था।

पिछले दो वर्षो की तुलना में अग्नि हादसे अधिक हुए हैं लेकिन अग्निशमन विभाग की टीमों ने तत्परता दिखाते हुए जनहानि होने से रोकी है। साथ ही करोड़ों रुपए की संपत्ति को भी बचाने का इस दौरान काम किया गया है।

**राहुल पाल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ।**

# राजनगर सेंट्रल पार्क के गड्ढे हो चुके हैं जानलेवा
## पार्क में घूमने आए नागरिक को लगी गड्ढे में गिरकर गंभीर चोट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनगर का सेंट्रल पार्क पूरे राजनगर के लिये मॉर्निंग वॉक का हार्ट माना जाता है। यहां लोग घूमने आते हैं लेकिन इन दिनों ये पार्क मेंटिनेंस के अभाव में लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बना गया है। यहां के गड्ढे लोगों के लिए जानलेवा हो रहे हैं। दरअसल यह पार्क निगम सीमा में आता है मगर इस पार्क की देखरेख का जिम्मा जीडीए के पास है। यहां रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्लांट लगाए थे। लंबे समय से मेंटिनेंस का अभाव है लिहाजा इन प्लांट की जाली टूट गई है। जाली टूटने के बाद ये गड्ढे जानलेवा हो चुके हैं उसकी वजह भी यह बताई जाती है कि ये गड्ढे 14 फीट के हैं और पार्क में इनकी संख्या चार से पांच हैं। लोगों का आरोप है कि जीडीए के उद्यान विभाग की नजर कभी इस पर नहीं पड़ती है। रविवार को सुबह यहां स्थानीय निवासी रजत अग्रवाल घूमने आए थे। इसी दौरान वह एक गड्ढे में गिर गए। उनकी चीख पुकार सुनकर लोग वहां पहुंचे और किसी तरह उन्हें गड्ढे से निकाला गया । उन्हें उपचार के लिये पास के अस्पताल में ले जाया गया। जहां जांच के बाद पता चला कि उन्हें मल्टीपल फ्रैक्चर है। यानी शरीर में कई जगह हड्डियां टूट गई है। इस घटना के बाद पार्क में आने वाले निवासियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि गड्ढे जानलेवा हैं इसके अलावा पार्क की बाउंड्री वॉल टूट गई है और अधिकांश लाइटें भी बंद पड़ी है।

### संबंधित अधिकारियों के खिलाफ दर्ज कराउंगा एफआईआर: प्रवीण चौधरी



**करंट क्राइम।** राजनगर के पार्षद प्रवीण चौधरी ने इस घटना पर आक्रोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि जब तक ये पार्क नगर निगम को हस्तांतरित नहीं होगा तब तक ये समस्याएं रहेंगी। उन्होंने कहा कि ये घटना की जीडीए की लापरवाही से हुई है। अगर यह पार्क नगर निगम को हैंडओवर होता तो समय-समय पर इसका मेंटिनेंस होता। पार्षद प्रवीण चौधरी ने कहा कि स्थानीय निवासियों को यहां दिक्कत हो रही है और वह इस मामले में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी जिम्मेदार सरकारी विभाग की लापरवाही से अगर किसी नागरिक को नुकसान पहुंचता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होती है। पार्षद प्रवीण चौधरी ने कहा कि अगर इस घटना के बाद भी संज्ञान नहीं लिया तो आगे और बड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# नगर निगम ने दीपावली बना दी यादगार
## रोशनी का ऐसा था इंतजाम सभी को रहेगा वर्षों तक याद
### प्रमुख स्थानों को पहली बार किया गया था बेहतर ढंग से रोशन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पांच दिनों तक चलने वाला दीपोत्सव का पर्व इस बार नगर निगम ने यादगार और शानदार दोनों बनाने का काम किया है। खुद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और महापौर सुनीता दयाल द्वारा नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए शहर के कई प्रमुख चौराहों और प्रमुख स्थानों के साथ ही पहली बार राज नगर डिस्टिक सेंटर के मुख्य मार्ग को रंग बिरंगी एलईडी और सजावटी लाइटिंग से सजाया गया था।

हापुड़ चुंगी चौराहे पर जहां दीपोत्सव की थीम सजी थी। तो वहीं इस पूरे मार्ग पर जगह-जगह भगवान राम, कृष्ण और अन्य देवी-देवताओं के एलईडी कटआउट लगवाए गए थे। इसके साथ ही सड़क के दोनों तरफ ग्रीन बेल्ट को रंग-बिरंगी लाइटों से सुशोभित किया गया था। यह गजब का नजारा लोगों को एक अलग फीलिंग दे रहा था, तो शहर की सुंदर तस्वीरें भी इसके जरिए प्रस्तुत की गई हैं।







### नगर आयुक्त और मेयर ने शहर को दिया क्लीन और क्लरफुल संदेश





**करंट क्राइम ।** दीपावली प्रकाश का पर्व है। ऐसे में जगह-जगह रोशनी की जाती है। सजावट से त्योहार को खास बनाया जाता है और यही काम इस बार नगर निगम द्वारा और उनके अधिकारियों के निर्देश पर भी होता देखा गया। गाजियाबाद में पहले ही दफा है जब नगर आयुक्त और महापौर ने शहर के प्रमुख चौराहों और मार्ग को इतनी बेहतर ढंग से सजवाया था कि लोग उसे देखते ही रह गए। लोगों को सजावट वाला यह अंदाज पसंद आया और इसकी चर्चा भी रही। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को भी इस सजावट ने एक अलग सुखद अहसास कराया कि उनका शहर कुछ अलग है।

### सोशल मीडिया पर जमकर शेयर की गई वीडियो और फोटो

**करंट क्राइम ।** नगर निगम द्वारा शहर को दीपावली के अवसर पर रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। यहां एलइडी से सजावट के साथ ही धार्मिक थीम भी प्रदर्शित की गई। तो वहीं हापुड़ चुंगी से जिलाधिकारी कार्यालय के आसपास का मुख्य मार्ग पुलिस ऑफिस और राज नगर डिस्टिक सेंटर की मुख्य सड़क के साथ ही शाहीद स्थल का मेट्रो स्टेशन मार्ग, टैंक चौक और नेहरू नगर मार्ग पर भी बेहतरीन सजावट की गई थी। इसके साथ ही नगर निगम के मुख्यालय को भी दीपों और विशेष लाइटिंग से सजाने का काम किया गया था। दीपावली पर यह रौनक वाला नजारा सोशल मीडिया पर भी जमकर छाया रहा। लोगों ने इंस्टाग्राम पर इसकी रील बनाई, तो फोटो स्टेटस और व्हाट्सएप पर भी जमकर छाया रहा।



### आने वाले अन्य अवसरों पर भी दिखेगा ऐसा ही खास नजारा

**करंट क्राइम ।** शहर में नगर निगम के द्वारा दीपावली के अवसर जो सजावट की गई थी इसके संबंध में जब दैनिक करंट क्राइम ने महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से बात की तो उन्होंने कहा कि इस बार जो नजारा दीपावली पर देखने को मिला है, ऐसे नजारे आने वाले दिनों में अन्य अवसरों पर भी मिलेंगे। उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में भी नगर निगम इस तरीके की सजावट शहर के अन्य हिस्सों में करेगा ताकि शहर सुंदर नजर आए।

## संपादकीय

# नयी पीढ़ी की उम्मीदें

भारत समेत दुनियाभर में नयी पीढ़ी को ऐसे संसाधन मिले हैं, वे पहले की पीढ़ियों को उपलब्ध नहीं थे. पर किशोरों और युवाओं को ऐसी चुनौतियों का सामना भी करना पड़ रहा है, जो बिल्कुल नयी हैं. जलवायु परिवर्तन एक ऐसी ही गंभीर समस्या है। इसके अलावा शिक्षा एवं कौशल, रोजगार, यौन शोषण, स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति से संबंधित चिंताएं भी हैं, जिनसे हर पीढ़ी को जूझना पड़ता है. संतोषजनक बात यह है कि नयी पीढ़ी समस्याओं से परिचित भी है और उनके समाधान के लिए प्रेरित भी. डेलॉयट के जेन-जी और मिलेनियल पीढ़ी के ताजा सर्वेक्षण से यही संकेत निकलते हैं. आम तौर पर 1981 और 1996 के बीच जन्मे लोगों को मिलेनियल या जेन-वाई तथा उसके बाद की पीढ़ी को जेन-जी (जेड) की संज्ञा दी जाती है. इन दो पीढ़ियों के अंतर्गत वर्तमान के सभी किशोर और युवा आ जाते हैं।

इस सर्वेक्षण में 44 देशों के लगभग 23 हजार लोगों की राय ली गयी, जिनमें से करीब आठ सौ भारतीय हैं आबादी के अनुपात में सर्वेक्षण का यह आंकड़ा बहुत कम है, पर इससे नयी पीढ़ी के सोच का एक आकलन अवश्य मिलता है. अक्सर ऐसे सर्वेक्षण शहरी क्षेत्र के उच्च और उच्च मध्यम आय वर्ग तक सीमित रहते हैं. इस पहलू का ध्यान रखते हुए आज के सोशल मीडिया, सूचना तंत्र तथा आकांक्षाओं के व्यापक विस्तार के दौर में इस सर्वेक्षण को नयी पीढ़ी की राय का समुचित प्रतिबिंब माना जा सकता है. भारतीय जेन-जी पीढ़ी की चिंताओं के केंद्र में शिक्षा, कौशल एवं प्रशिक्षण, रोजगार, जलवायु परिवर्तन, यौन शोषण और मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषय हैं. मिलेनियल पीढ़ी भी कमोबेश इन्हीं विषयों को महत्वपूर्ण मानती है।

एक उत्साहजनक तथ्य यह सामने आया है कि दोनों पीढ़ियों में अधिकतर लोगों को उम्मीद है कि आगामी एक वर्ष में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य बेहतर होगा. युवा पीढ़ी अपनी पूर्ववर्ती पीढ़ियों की तरह रोजगार को केवल आमदनी का जरिया नहीं मानती है, बल्कि उसके लिए अपने काम से संतोष मिलना और काम का उद्देश्यपरक होना भी महत्वपूर्ण है. यह पीढ़ी यह भी चाहती है कि उसके काम से पर्यावरण पर कम-से-कम नकारात्मक असर पड़े. हालांकि वैश्विक स्तर पर इन दोनों पीढ़ियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर हिचक का भाव है, पर भारतीय युवा इस तकनीकी विशिष्टता को अपनाने के लिए उत्सुक है. हमारी सरकारों, उद्योग जगत, शिक्षण संस्थानों तथा समाज को नयी पीढ़ी द्वारा इस सर्वेक्षण में अभिव्यक्त आकांक्षाओं एवं आशंकाओं का समुचित संज्ञान लेना चाहिए।

# भारत में पूंजी-प्रधान उद्योगों में तेजी से बढ़ रहे हैं रोजगार के अवसर : गोल्डमैन सैश

**नई दिल्ली।** भारत में बीते 10 वर्षों में पूंजी-प्रधान उद्योगों जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल, मशीनरी में रोजगार के अवसरों में बढ़त देखने को मिली है। साथ ही इन क्षेत्रों से निर्यात में भी वृद्धि हुई है। यह जानकारी गोल्डमैन सैश की एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि इन सेक्टरों में तेजी आई है, क्योंकि सरकार इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और दवा उत्पादों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसके परिणामस्वरूप विकसित बाजारों में इन सेक्टरों से निर्यात में दोहरे अंकों की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में श्रम प्रधान क्षेत्रों की तुलना में पूंजी प्रधान क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में अधिक वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 10 वर्षों में पूंजी प्रधान उपक्षेत्रों जैसे मैन्युफैक्चरिंग में केमिकल प्रोडक्ट्स और मशीनरी में रोजगार में अधिक बढ़ोतरी हुई है। इसके मुकाबले श्रम प्रधान क्षेत्रों जैसे



टेक्सटाइल, फुटवेयर, फूड और बेवरेज में वृद्धि दर कम रही है।रिपोर्ट में जोर देकर कहा गया कि पूंजी-प्रधान क्षेत्र में रोजगार में अधिक वृद्धि होने के बाद भी देश में नौकरियों में श्रम आधारित क्षेत्र की हिस्सेदारी अधिक है। देश का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर बड़े बदलाव से गुजर रहा है। सरकार द्वारा प्रतिस्पर्धा और आर्थिक विकास दर बढ़ाने के लिए तेजी से सुधारों को लागू किया जा रहा है। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) जैसी स्कीम से देश में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को काफी सहारा मिला है। इसे 2020 में लॉन्च किया गया था। पीएलआई स्कीम 14 सेक्टरों के लिए लागू है। इसमें फार्मा से लेकर स्पेशिएलिटी स्टील जैसे सेक्टर शामिल है। पीएलआई स्कीम के तहत दिए जाने वाले प्रोत्साहनों का उद्देश्य उत्पादन क्षमता को बढ़ाना, रोजगार के अवसर पैदा करना, निर्यात को बढ़ावा देना और आयात पर निर्भरता को कम करना है, साथ ही भारत को आत्मनिर्भर बनाना है। जून 2024 तक पीएलआई स्कीमों ने 1.32 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है। साथ ही मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट में 10.9 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त पीएलआई से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 8.5 लाख नौकरियां पैदा हुई हैं।

## मजबूत निवेश और निजी खपत के दम पर तेजी से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था : यूएनसीटीएडी



**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 2024 में 6.8 प्रतिशत रह सकती है और यह अगले साल 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। यूएनसीटीएडी (यूएन ट्रेड एंड डेवलपमेंट) की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी की वजह मजबूत निजी और सरकारी निवेश एवं खपत और सर्विसेज के निर्यात में बढ़ोतरी होना है। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि सर्विसेज और कुछ वस्तुओं जैसे केमिकल और फार्मास्यूटिकल्स के निर्यात में वृद्धि के बावजूद, कमजोर बाहरी मांग और जीवाश्म ईंधनों के अधिक आयात बिल के कारण भारत का चालू खाता नकारात्मक बना हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया का तीसरा बड़ा एनर्जी खपत वाला देश भारत लगातार जीवाश्म और गैर-जीवाश्म ऊर्जा आपूर्ति को बढ़ा रहा है, जिससे देश के आर्थिक विकास को सहारा मिले। रिपोर्ट में लगाए गए अनुमान के अनुसार, इस साल के अंत तक महंगाई दर 4 प्रतिशत हो जाएगी। इसके बाद भारतीय रिजर्व बैंक नीतिगत दरों में कमी करने की शुरूआत कर सकता है। यूएनसीटीएडी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 6 प्रतिशत और महंगाई दर 4 प्रतिशत के आसपास स्थिर रह सकती है। वैश्विक एजेंसी की ओर से पिछले साल भारत की अर्थव्यवस्था की विकास दर 7.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। यूएनसीटीएडी की यह रिपोर्ट आईएमएफ की रिपोर्ट के बाद आई है, जिसमें कहा गया है कि भारत निवेश और निजी उपभोग के बल पर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। कुछ दिनों पहले जारी एशिया-प्रशांत के लिए आईएमएफ के रीजनल इकोनॉमिक आउटलुक में कहा गया है कि 2024 और 2025 में एशिया में विकास दर धीमी होने की उम्मीद है।

## SPECIAL WISHES

दैनिक करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाई बहन के पावन पवित्र रिश्ते का प्रतीक पर्व भाईदूज पूरे हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया । पूर्व पार्षद हिमांशु लव अपनी बड़ी बहन के घर पहुंचे और उनके चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया।

# राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड को केंद्र ने दी वित्तीय मदद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) केंद्रीय इस्पात मंत्रालय की स्टील उत्पादन कंपनी है। इसके पास आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 75 लाख टन का प्लांट है। हालांकि, बीते कुछ वर्षों से यह कंपनी कई वित्तीय और परिचालन से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रही है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड को 1650 करोड़ रुपये की वित्तीय मदद दी है। एक आधिकारिक दस्तावेज के मुताबिक, परिचालन और आर्थिक संकट से जूझ रही इस सरकारी कंपनी पर कर्ज लगातार बढ़ा है। ऐसे में संकट को खत्म करने के लिए अब केंद्रीय इस्पात मंत्रालय ने कदम बढ़ाया है। मंत्रालय ने कहा कि वह आरआईएनएल को चलाने के लिए कई कदम उठा रहा है। सरकार ने बताया कि उसने 19 सितंबर 2024 को इक्विटी के तौर पर आरआईएनआईएल में 500 करोड़ रुपये की मदद दी है। वहीं 27 सितंबर 2024 को उसने वर्किंग कैपिटल लोन को तौर पर उसे 1140 करोड़ रुपये दिए हैं। सरकार के मुताबिक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के मालिकाना हक वाली एसबीआईकैप्स (रइक्ठअढर) से आरआईएनएल की वहनीयता को लेकर रिपोर्ट तैयार करने के लिए भी कहा गया है। इस दस्तावेज में इसका भी जिक्र किया गया है कि आरआईएनएल गंभीर वित्तीय संकट में है और इस्पात मंत्रालय इस चिंता के निपटारे के लिए वित्त मंत्रालय के साथ चर्चा कर रहा है।



### क्या है राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड?

गौरतलब है कि राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) केंद्रीय इस्पात मंत्रालय की स्टील उत्पादन कंपनी है। इसके पास आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 75 लाख टन का प्लांट है। हालांकि, बीते कुछ वर्षों से यह कंपनी कई वित्तीय और परिचालन से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रही है। इसके तीन में से दो ब्लास्ट फर्नेस (भट्टियों) को पहले अक्तूबर 2028 तक के लिए बंद कर दिया गया था। इसके चलते आरआईएनएल पर कर्ज 35 हजार करोड़ तक बढ़ गया है।

### कंपनी के निजीकरण को मिल चुकी है सैद्धांतिक मंजूरी

इससे पहले जनवरी, 2021 में कैबिनेट की आर्थिक मामलों की कमेटी (सीसीईए) ने रणनीतिक विनिवेश के जरिए आरआईएनएल में सरकारी हिस्सेदारी के 100 प्रतिशत विनिवेश के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी थी। हालांकि, कंपनी के निजीकरण के सरकार के फैसले का श्रमिक संघों ने विरोध किया था। उनका कहना था कि आरआईएनएल के पास खुद के इस्तेमाल वाली लौह अयस्क खानें नहीं है। इसके चलते उसे मौजूदा संकट झेलना पड़ रहा है।

## राशिफल

**मेष:** सफलता निकट होने के बावजूद आपके ऊर्जा स्तर में गिरावट आएगी। सहभागी व्यवसायों और जोड़ तोड़ वाली आर्थिक योजनाओं में निवेश न करें।

**वृष:** आज आप ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज करियर में एक नया बदलाव देखने को मिलेगा।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र में आज आपको अपने बॉस को खुश करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। नए रिश्ते विनाशकारी हो सकते हैं।

**कर्क:** स्वार्थी व्यक्ति से बचने की पूरी कोशिश करें, क्योंकि वह आपको तनाव दे सकता है। आज आप अच्छा पैसा कमाएंगे।

**सिंह:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज आप किसी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। इस राशि के भाई-बहन मंदिर में भगवान के दर्शन करने जा सकते हैं।

**कन्या:** आज आपके सभी कष्ट समाप्त होंगे, पारिवारिक जीवन में आपको एक सुनहरा पल मिलेगा। आपके परिवार में खुशियां आएंगी।

**तुला:** आर्थिक सुधार निश्चित है। घर में साफ-सफाई की नितांत आवश्यकता है। हमेशा की तरह इस काम को अगली बार के लिए टालें नहीं और तैयार हो जाएं।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज पारिवारिक संबंध मजबूत होंगे। थोड़ी सी मेहनत से आप अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

**धनु:** आज आपके काम कम समय में पूरे होंगे। आपको रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। जल्द ही आपको कोई बड़ी खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मकर:** केवल एक दिन को ध्यान में रखकर जीने की अपनी आदत पर नियंत्रण रखें और मनोरंजन पर ज्यादा समय और पैसा खर्च न करें।

**कुंभ:** आज आपका ध्यान अध्यात्म की ओर अधिक रहेगा। घर में धार्मिक कार्यों का आयोजन हो सकता है।

**मीन:** आज आपको सेहत को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है, जिस काम को करने की आप काफी समय से सोच रहे थे, उसे शुरू कर दें।

## चुटकुले

महिला- मेरा वेट कैसे कम होगा?
पति- अपनी गर्दन को रोजाना दाएं बाएं हिलाती रहो।
महिला- किस समय?
पति- जब कोई खाने को पूछे!

---

बेटा बियर पीकर घर लौटा था
मम्मी की डांट से बचने के लिए लैपटॉप खोलकर पढ़ने लगा
मम्मी- बेटा तू फिर से पीकर आ गया।
बेटा- नहीं मम्मी नहीं मैनें नहीं पी है।
मम्मी- तो फिर सूटकेस खोलकर क्या पढ़ रहा है।

---

लड़की से लड़का बोला
डार्लिंग मुझे तुम्हारी आंखों में सारी दुनिया दिखाई देती है।
पीछे से एक बूढ़ा बोला
हमारी गाय नहीं मिल रही, दिखे तो बताना बेटा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- किसी भी भारी वस्तु को समुद्र की गहराई में पहुचने में करीब 1 घंटा लगता है।
- घाव को तंग करने वाले कीड़े घाव को जल्दी भरते है और गैंग्रीन और दुसरे इन्फेक्शन को फैलने से रोकते है।
- एक स्वस्थ मनुष्य के शरीर में 6000 मिलियन, मिलियन, मिलियन हीमोग्लोबिन के अणु होते है।
- मानव शरीर में 60,000 मील लंबी खून की धमनियाँ होती है।
- 5 बिलियन वर्षो के बाद सूर्य की उर्जा समाप्त हो जाएगी और वो एक लाल गोला बन कर रह जाएगा। एक इलेक्ट्रिक बाम मछली 650 वोल्ट तक के शॉक का निर्माण कर सकती है।
- क्रिस्चियन बर्नार्ड ने 1967 में पहला हार्ट ट्रांसप्लांट किया था और वो मरीज 18 दिन तक जिवित रहा था।
- अल्फ्रेड नोबेल ने 1866 में डायनामाइट की खोज की।
- बृहस्पति इतना बड़ा ग्रह हैं की यदि शेष सभी ग्रह को आपस में जोड़ दिया जाये तो वह संयुक्त ग्रह भी बृहस्पति से छोटा ही रहेगा।
- 1992 में लंदन के आकार जितना बड़ा बर्फ का गोला से टूट कर अलग हो गया था।

## 04 11 2024 करंट क्राइम

# आज के जन्मदिन

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

**सेलेब्रिटी जन्मदिन**



तब्बू
अभिनेत्री


खुशी ठाकुर


इरम सैफी


रियांश शर्मा


मधु सिंह


मोहसिन खान


अनुरागदीप कौशिक


राहुल दीक्षित


दीपक ठाकुर


राकेश सेन


विवेक कुमार लोधी


अनिल त्यागी


मनीष


अंकित सिंघल


सोनू त्यागी


अभिनव त्यागी


गौरव त्यागी


योगेश कुमार


एड. कुलदीप चौधरी


नौशाद अब्बासी


दिनेश कुमार


प्रदीप अत्री


रवीन्द्र रिहानी


अनमोल मित्तल

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने किया लाइन पार का तूफानी जनसंपर्क, मिल रहा अपार जनसमर्थन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गली, गांव, मोहल्ला विकास संकल्प के लिए जात-पात को भूल जाएं / सदर विधानसभा के विकास और समृद्धि के लिए भाजपा को जिताएं। इसी संकल्प को गली-गली साकार करने के उद्देश्य से सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने प्रचार में लगे हुए सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेन्द्र कश्यप, सहरानपुर विधायक राजीव गुंबर, दादरी विधायक तेजपाल नागर, एमएलसी श्रीचंद शर्मा तथा स्थानीय पार्षद, मंडल अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष तथा अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ दर्जनों मोहल्लों का तूफानी जनसंपर्क कर बीजेपी के समर्थन में आशीर्वाद मांगा।

### भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को मिल रहा है अपार जनसमर्थन

सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए मैदान पर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं के उतरते ही क्षेत्र में लोगों का सैलाब और अपार जनसमर्थन उमड़ने लगा। जिसका प्रतिफल स्वरूप आभास हो रहा है कि भाजपा नेतागण एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं के चुनावी मैदान में उतरते ही भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा का पलड़ा भारी होने लगा है। बीजेपी प्रत्याशी संजीव शर्मा का पूरे लाइन पार क्षेत्र वासियों ने ढोल-ताशे और गाजे-बाजे के साथ पारंपरिक अंदाज में थिरकते, गाते-झूमते हुए फूलमाला पहनाकर अभूतपूर्व स्वागत करते हुए खूब उमंग के साथ नारे जयकारे लगाते दिखे। लाइन पार क्षेत्र के अकबर पुर बहराम पुर, क्रॉसिंग की पैरामाउंट सिंफनी, असोटेक्स सोसाइटी, सुदामापुरी राजू नगर बिहारीपुर वार्ड 2, वार्ड 7, वार्ड 25 विजयनगर बुद्ध विहार ग्राम डूंडाहेड़ा बिछल द्वारा प्रताप विहार क्षेत्र के अंतर्गत कई अन्य मोहल्लों के लोगों में बीजेपी प्रत्याशी के प्रति खासा उत्साह दिखा।

### आपका नेता नहीं बेटा और भाई बनकर सदैव आपके साथ खड़ा रहूंगा : संजीव शर्मा

बाहर से आए जनप्रतिनिधियों एवं यहां के स्थानीय नेताओं ने जहां भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए समर्थन और आशीर्वाद मांगा वहीं बीजेपी प्रत्याशी संजीव शर्मा ने लोगों को आश्वस्त किया कि आपके लिए आपका संजीव नेता नहीं बेटा और भाई बनकर सदैव आपके साथ खड़ा रहेगा। आपके अपेक्षित कार्यों को कराने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करेगा।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम में धूमधाम से मनाया गया अन्नकूट पर्व





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दीपावली के बाद मनाए जाने वाला अन्नकूट पर्व का सनातन संस्कृति में विशेष महत्व है। यह पर्व एकता, अखंडता, एकजुटता, आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश देता है। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुतीश दीदी ने बताया कि गोवर्धन अर्थात गौ माता की सेवा करना और इस धन को बढ़ाना इस पर्व का महान संदेश है। जिस स्थान पर गऊ माता वास करती है वहां सुख शांति और समृद्धि का सदा निवास रहता है। ब्रह्माकुमारी राज योगिनी गुंजन दीदी ने भगवान शिव के महा संदेश को सभी के समक्ष रखा, ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी देवना दीदी और ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी चंचल दीदी ने सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। मंच संचालन विश्व ब्रह्म ऋषि ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महासचिव विनीत शर्मा ने किया। कार्यक्रम में आचार्य राकेश मधुर शास्त्री, वरिष्ठ भाजपा पार्षद वीरेंद्र त्यागी, वरिष्ठ भाजपा पार्षद राजेंद्र तीतोरिया, युवा भाजपा पार्षद विनील दत्त, राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष (सी ए) दिनेश कुमार गोयल, निवर्तमान राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष दीपक कांत गुप्ता, श्री रामलीला समिति उपाध्यक्ष एडवोकेट अमरीश त्यागी, श्री रामलीला समिति लेखा सलाहकार (सी ए) दीपक कुमार मित्तल, भाई चौहान साहब आदि ने अपने-अपने विचार रखे और सभी को अन्नकूट पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के रूप मे भाजपा नेता नीरज त्यागी, पंजाबी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तनुज खन्ना, नवीन पंडित,



श्रीचंद चौहान, मुकेश कुमार शर्मा, मनोज कुमार सिंह, गगन अरोड़ा, संजीव गुप्ता, जगजीत कुमार, आर सी शर्मा, एडवोकेट मनीष मित्तल, देवेंद्र विरमानी, अजय राघव, डॉक्टर अनिल बैसला, महेश त्यागी, राजेन्द्र नगर साहिबाबाद से बी के सुनीता दीदी, बी के शालिनी, कवि नगर से विनेय भाई, चेतन भाई, लोकेश भाई, अजय भाई, मनोज भाई, प्रदीप भाई, राजीव भाई, रामपाल भाई, अनामिका बहन, कुमकुम बहन, छाया बहन, राजीव भाई, प्रदीप भाई, सुभाष भाई, बी के देवेंद्र भाई, धीरज भाई, दिनेश भाई, वीरेश भाई, रमाशंकर भाई, अभिषेक भाई, प्रशांत भाई, अर्जुन भाई, हिमांशु भाई, आशु भाई आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सी ए दीपक मित्तल जी ने कहा, ॐ शांति महामंत्र से विश्व में शान्ति, भाई चारा, आपसी प्रेम व सौहार्द और समृद्धि को लाया जा सकता है, ब्रह्माकुमारी बहनें विशेष त्याग सेवा और तपस्या से विश्व सेवा में अभूतपूर्व सहयोग कर रही हैं।

# बिहार एसोसिएशन ने की छठ पूजा को लेकर बैठक



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा में बिहार एसोसिएशन के कार्यालय पर छठ पूजा के लिए बैठक का आयोजन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष वरुण शर्मा ने सभी सदस्यों के साथ सभी विषयों पर चर्चा की। साथ ही आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि खोड़ा मकनपुर छठ घाट पर पूजा का आयोजन पिछले 34 सालों से किया जा रहा है। जिसकी शुरुआत स्वर्गीय जितेंद्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष ने की थी। इस अवसर पर वरुण शर्मा, अमन शर्मा, आर एस यादव, सतीश कुमार, जसवंत सिंह, मोहन पांडे, अजय कुमार सिंह, रवीन्द्र पांडे, उत्पल कुमार, मुन्ना मिश्रा, अमरदीप सिंह, दिलीप कुमार सोनी, श्याम कुमार, उमेश यादव, बीके सिंह सहित आदि पदाधिकारी मौजूद थे।

# राजेश वर्मा के 262 रामनगर गाजियाबाद पर हुआ मासिक संकीर्तन का आयोजन



● भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने साथियों सहित 'पहले मतदान फिर जलपान' का सामूहिक निर्णय लिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजसेवी राष्ट्रीय व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष राजेश वर्मा के 262 रामनगर गाजियाबाद पर आयोजित मासिक संकीर्तन हुआ। विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने अपने साथियों पंडित अशोक भारतीय, हिमांशु शर्मा, पंकज भारद्वाज आदि के साथ कार्यक्रम में पहुंच कर श्याम बाबा का आशीर्वाद लिया तथा जनता की सेवा करने का लिया संकल्प। इस अवसर पर बाबा खाटू श्याम के आशीर्वाद से सभी भक्तजनों ने भी भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को अपना आशीर्वाद प्रदान किया तथा आशीर्वाद के रूप में आगामी 13 नवंबर को कमल के निशान का बटन दबाकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का संकल्प लिया तथा पहले मतदान उसके बाद जलपान का सामूहिक निर्णय लिया। पंडित अशोक भारतीय ने जाति बिरादरी से ऊपर उठकर नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पंडित अशोक भारतीय, आनंद वर्मा, नरेश वर्मा, राजेश वर्मा, अमित वर्मा, संदीप त्यागी, रश्मि वर्मा, तनिष्का वर्मा, सार्थक वर्मा, अमित कुमार वर्मा, जय वर्मा, अक्षत वर्मा, आरव वर्मा, अदिति सिंह, आदित्य सिंह, आयुष सिंह, प्रीति सिंह, राजेश सिंह, संस्कृति पांडे, समृद्धि पांडे, वेद प्रकाश पांडे, पूजा पांडे, श्रेया गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल छठ पूजा समिति के घाट पर चलाया सफाई अभियान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** छठ घाट गोलपार्क रामलीला मैदान राजेंद्र नगर में पूर्वांचल छठ पूजा समिति के द्वारा घाट पर सफाई अभियान चला करके पूर्ण रूप से सफाई की गई एवं रंगाई पुताई की गई। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक एस पी सिंह, अध्यक्ष अजय सिंह, महामंत्री के के सिंह, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र दुबे एवं बहुत सारे कार्यकारिणी के सदस्य गण राणा प्रताप सिंह, सतीश सिंह, एच एन सिंह, शिवदयाल सिंह कुशवाहा, मृत्युंजय सिंह, अभय प्रताप सिंह, राजेश शुक्ला, ठाकुर चंदन सिंह, बृज किशोर सिंह व अन्य बहुत से पूर्वांचल साथी उपस्थित रहे।

## मकान में लगी भीषण आग, धधकती रहीं लपटें

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में शनिवार रात एक मकान में भीषण आग लग गई। आसपास के करीब 7 घरों को खाली कराते हुए उनमें मौजूद 20 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दमकल की चार गाड़ियों ने घंटों बाद अग्निकांड पर काबू पा लिया। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। चीफ फायर ऑफिसर सीएफओ राहुल पाल ने बताया करीब 10 बजे फायर स्टेशन वैशाली पर सूचना प्राप्त हुई कि मधु विहार अहिल्या चौक खोडा कॉलोनी में एक मकान में भयंकर आग लगी हुई है। इस सूचना पर तत्काल फायर स्टेशन वैशाली से CFO, FSO सहित 4 फायर टेंडर्स, वाटर मिस्ट, डिजास्टर वैन को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। घटनास्थल पर जाकर देखा तो एक तीन मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर पर फोटो फ्रेमिंग का सामान भरा था, जिसमें काफी तेज आग लगी हुई थी। फायर फाइटर्स ने त्वरित कार्रवाई करते हुए होज पाइप फैलाकर आग को बुझाना शुरू किया।

# भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को पंजाबी समाज का समर्थन : राजीव गुम्बर



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** विजय नगर, गाज़ियाबाद में रविवार को सहारनपुर के विधायक राजीव गुम्बर ने एडवोकेट हरप्रीत सिंह जग्गी के आवास पर सिक्ख/ पंजाबी समाज के प्रमुख लोगों से शहर सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर चर्चा की। सभी ने उनको विश्वास दिलाया कि भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को भारी मतों से विजयी बनायेंगे। समाज द्वारा बुजुर्ग दामोदर सिंह जग्गी द्वारा राजीव गुम्बर को चित्र भेंट किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ बीजेपी नेता सरदार एसपी सिंह, गुलशन भवरी, सरदार जूजर सिंह, सरदार सुखविंदर सिंह, सरदार के दयाल सिंह, सरदार सिमरप्रीत सिंह, सरदार जगमोहन सिंह, सरदार गुरप्रीत सिंह, सरदार रामबीर सिंह, सरदार निर्मल सिंह, मनप्रीत सिंह, गुरजोत सिंह, सतीश चोपड़ा, हरमीत बक्शी, साक्षी नारंग पूर्व पार्षद, बालप्रीत सिंह, रवि, गोस्वामी, योगेश, दीपिंदर, सतविंदर कौर मुख्य रूप में उपस्थित रहे।

# पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने किया छठ घाट पर हाई मास्क लाइट का उद्घाटन




**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** झंडापुर वार्ड 41 के गोल्डन कंपाउंड के छठ पूजा पार्क में हाई मास्क लाइट लगवाई गई हैं। जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मौजूद छठ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रामाशीष सिंह उपाध्यक्ष, अरुण शुक्ला, मुरारी सिंह, वरुण सिंह, दिनेश पांडे, मुन्ना चौबे, अखिलेश तिवारी, विनोद सिंह, विनोद राय लोग शामिल रहे। दुर्गा छठ पूजा समिति के सदस्यों की मौजूदगी में हाई मास्क लाइट का छठ पर्व के महा अवसर पर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर दुर्गा छठ पूजा समिति के अध्यक्ष रामाशीष के द्वारा यूपीसीडा के अधिकारियों एवं क्षेत्रीय पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय समेत सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय के द्वारा सभी लोगों को भरोसा दिलाया गया की क्षेत्र में पार्क में जब भी किसी चीज की जरूरत होगी विकास कार्य जहां भी जो भी कार्य आवश्यक होगा। उसे पूर्ण करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा।

# डॉ. पवन सिन्हा 'गुरुजी' ने राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य के साथ नई पहल का आरंभ किया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पावन चिंतन धारा आश्रम में रविवार को डॉ. पवन सिन्हा 'गुरुजी' से शिष्टाचार भेंट के लिए असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य अपनी अर्धांगिनी कुमुद देवी संग पधारे। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने डॉ. पवन सिन्हा 'गुरुजी' तथा डॉ. कविता अस्थाना को प्रतीक चिन्ह और विशेष उपहार भेंट में दिया। तदोपरांत विभिन्न मुद्दों पर चाय पर चर्चा कर आश्रम की दिव्य स्थली पर भ्रमण करते हुए आश्रम द्वारा संचालित अनेक गतिविधियों को भी जाना व उनकी सराहना भी की।

ज्ञातव्य है कि आश्रम द्वारा डॉ. पवन सिन्हा 'गुरुजी' के मार्गदर्शन में निःशुल्क रूप से संचालित 'प्रोजेक्ट यू.पी.एस.सी.' को लेकर पावन चिंतन धारा आश्रम और असम राजभवन का एम.ओ.यू. साइन हुआ है जिसके अंतर्गत बहुत जल्द असम से चुने गए कुछ मेधावी छात्र आश्रम में रहकर यू.पी.एस.सी. परीक्षा हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। ये विद्यार्थी देश के उत्तम भविष्य का आधार बनकर देश को नयी ऊंचाइयों तक लेकर जाएं, इसी संकल्प के साथ डॉ. पवन सिन्हा 'गुरुजी' ने राज्यपाल के साथ नयी पहल आरंभ की। इस अवसर पर राज्यपाल ने आश्रम के बच्चों व सदस्यों से बातचीत करते हुए देशहित के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए ढेरों शुभकामनाएं भी दीं।

# नगर निगम और पुलिस कमिश्नरेट के अभूतपूर्व इंतजाम ने दीपावली पर्व को यादगार बना दिया : अजय गुप्ता




### किसी व्यापारी को अगर बैंक में कैश जमा करने जाना है और उसके साथ कोई अनहोनी ना हो, इसलिए वह अपने क्षेत्र के थानों से पुलिस फोर्स की मदद ले सकता है, जो कि प्रशासन का एक बहुत ही सूझबूझ भरा कदम है



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दीपावली के महान पर्व को यादगार बनाने में नगर निगम और प्रशासन ने कोई कसर नहीं छोड़ी। उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष अजय गुप्ता ने बताया कि अभी तक तो व्यापारी वर्ग आपसी सहयोग से बाजारों की सुंदरता बढ़ाता आया है, पर इस बार कुछ नया देखने को मिला। नगर निगम के युवा और जुझारू नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक एवं मेयर के अथक प्रयास से, महानगर की सड़कों पर अद्भुत नजारा देखने को मिला जिसने शहर की खूबसूरती में चार चांद लग गए। दीपावली एक यादगार पर्व बनकर सामने आया, जिसके लिए नगर आयुक्त और मेयर बधाई के पात्र हैं। पुलिस कमिश्नरेट ने भी इस बार व्यापारियों के साथ त्योहारों पर कोई अप्रिय घटना ना हो, नया आदेश लागू किया। किसी व्यापारी को अगर बैंक में कैश जमा करने जाना है और उसके साथ कोई अनहोनी ना हो, इसलिए वह अपने क्षेत्र के थानों से पुलिस फोर्स की मदद ले सकता है, जो कि प्रशासन का एक बहुत ही सूझबूझ भरा कदम है, जिससे आपराधिक गतिविधियों में कमी आए। महानगर के सभी निवासी और व्यापारी प्रशासन के इस कदम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हैं, और उनका हृदय की गहराइयों के साथ अभिनंदन करते हैं। उम्मीद करते हैं आगे भी आने वाले त्योहारों पर ऐसी सेवा मिलती रहे।

# ध्रुव लाल यादव व कॉन्स्टेबल राजेश यादव के 30वें शहादत दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जांबाज पुलिस इंस्पेक्टर स्वर्गीय ध्रुव लाल यादव व कॉन्स्टेबल राजेश यादव के 30वें शहादत दिवस पर रविवार को गाजियाबाद व अन्य शहरों के प्रतिष्ठित, राजनीतिक अधिवक्ता गण व सामाजिक लोगों द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किए तथा दोनों शहीदों को याद किया गया। स्वर्गीय ध्रुव लाल यादव राष्ट्रपति पुलिस पदक (शौर्य) राष्ट्रपति पुलिस पदक का (बार)शौर्य भारतीय पुलिस पदक (शौर्य) भारतीय पुलिस पदक सराहनीय सेवा का जन्म 4-5-1951 को जनपद जौनपुर के गांव गहरपुर अमिलिया (कारोबनकट) तहसील मंडियाहूँ में हुआ था। सन 1974 में उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक के रूप में सेवा प्रारंभ की अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण समर्पित रहते हुए सन 1980 के दशक में जब बेहमई कांड हुआ। इस घटना से पूरा प्रदेश दहल गया था।

जनपद जालौन में थाना अध्यक्ष काल्पी रहते हुए अपनी जान को जोखिम में डालकर डकैतों का सफाया किया और जनता का पुलिस के प्रति खोए हुए विश्वास को पुनः स्थापित किया। इनकी इन सेवाओं के फलस्वरूप भारत सरकार ने इन्हें पुलिस विभाग में सर्वोच्च पदक से सम्मानित किया। दस्यु प्रभावित क्षेत्र हमीरपुर, कानपुर देहात, फतेहपुर, फिरोजाबाद, इलाहाबाद में नियुक्तियों के दौरान अपने सराहनीय कार्यों से पुलिस विभाग का सम्मान बढ़ाया एवं जनता का विश्वास अर्जित किया।

सन 1994 में इनकी नियुक्ति गाजियाबाद जनपद में प्रभारी निरीक्षक थाना साहिबाबाद के रूप में हुई थी। इसी समय आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रधान शेख अजहर मसूद को छुड़वाने के लिए अमेरिकी व तीन ब्रिटिश नागरिकों को राजधानी दिल्ली से अपहरण किया गया था। यह पता चलने पर कि विदेशी नागरिकों को जनपद सहारनपुर की मंडी थाने के अंतर्गत किसी भवन में बंधक बनाया गया है। जोखिम को देखते हुए अधिकारियों ने स्वर्गीय ध्रुव लाल यादव को विदेशी नागरिकों को मुक्त कराने की जिम्मेवारी सौंपी थी।

1 नवंबर 1994 को प्रातः अपने ऊपर सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए अपने व अपने सहयोगी कांस्टेबल राजेश कुमार यादव की जान देकर सभी विदेशी नागरिकों को सकुशल मुक्त कराया। इस उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता के लिए अमेरिका व ब्रिटेन के राष्ट्राध्यक्षों ने भारत के राष्ट्रपति को संदेश भेजकर अपनी कृतज्ञता प्रकट की व शहीद के परिवार वालों को अपनी संवेदना व भारत में स्थित ब्रिटेन के हाई कमीशन द्वारा हाउस ऑफ लाड्र्स (ब्रिटिश संसद) का अनुदान प्रदान किया। इस तरह स्वर्गीय ध्रुव लाल यादव ने अपनी जान की आहुति देकर खूंखार आतंकवादियों की मंशा पर पानी फेर दिया। शेख अजहर मसूद को पुनः छुड़ाने के लिए आतंकवादियों ने इंडियन एयरलाइंस के विमान के उड़ान काठमांडू सेवा का अपहरण कर कंधार (अफगानिस्तान) में उतारा अपनी शर्तों पर दबाव बनाकर भारत सरकार से मुक्त कराने में सफलता प्राप्त की थी।

इसी आतंकवादी संगठन द्वारा 14 फरवरी 2019 को, जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सी०आर०पी०एफ० के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें 45 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान गयी थी। यह हमला जम्मू और कश्मीर के पुलवामा ज़िले के अवन्तिपोरा के निकट लेथपोरा इलाके में हुआ था।

### इस अवसर पर गणमान्य लोग उपस्थित रहे

पुण्यतिथि पर शहीद को श्रद्धांजलि देने वाले मुख्य रुप से उपस्थित लोगों में राकेश यादव जी पूर्व एमएलसी, नाहर सिंह यादव वरिष्ठ नेता सेवक राम यादव पुलिस उपाधीक्षक (सेवा निवृत्त) राजपाल सिंह यादव डीएसओ (सेवा निवृत्त), महेश यादव पूर्व चेयरमैन ग्रामीण बैंक, नाहर सिंह यादव, श्रीनिवास यादव, फैसल हुसैन जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, वीरेंद्र यादव महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, जाकिर सैफी पार्षद, शिवराज सिंह प्रजापति, गुड्डू यादव, रिजवान खान, राज देवी चौधरी, ललित यादव, रितु खन्ना, कृष्णानंद, हरीश चौधरी भाजपा नेता, विनोद कुमार यादव, राजवीर सिंह, चंद्रपाल सिंह, सतीश कुमार, हाजी मोहम्मद कल्लन पार्षद, मोहम्मद हसीन मंसूरी, शिवचरण चौहान, मनोज चौधरी, दीपक चौधरी, हंसराज यादव, राम प्यारे यादव, नानक चंद प्रजापति, महबूब आलम लारी, जमीर अहमद खान, संजीव उपाध्याय एडवोकेट, नवल किशोर, मान सिंह यादव, कृष्ण कुमार यादव, अशोक चावला, राम अवतार यादव, गोपीचंद महानगर अध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल, देवेंद्र यादव, विनोद यादव, नहार सिंह यादव, ठाकुर विक्की सिंह, राजेश यादव, मनोज चौधरी, जितेंदर यादव, रंजीत यादव, अभिषेक राजपूत, संजय यादव, अमित यादव, रजत पौडवाल, चमन नागर, फिरोज चौधरी, के पी सिंह यादव पत्रकार आदि सैकडों सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

# मरणासन्न गाय की लोनी पुलिसकर्मियों ने की मदद विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने गाय का नाम 'राधा' रखा



**लोनी, करंट क्राइम।** गोवर्धन पूजा को गौसंरक्षण और गौसंवर्धन के रूप में मनाया जाता है। ऐसी ही गौसंरक्षण की भावना का अनुपम उदाहरण लोनी कोतवाली थाने में देखने को मिली जहां लोनी कोतवाल व पुलिसकर्मियों के द्वारा मरणासन्न बीमार गाय की सेवा की गई जिसके बाद गाय उनके परेड में शामिल होती है, पूजा में शामिल होती है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर को गौमाता के बारे में जानकारी मिलने पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी कोतवाली पहुंचकर गौमाता का आशीर्वाद लिया और कोतवाल व पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में गौमाता का नामकरण किया गया।

### विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने गौमाता का किया नामकरण, कहा दिव्य और देवस्वरूपा है गौमाता

करंट क्राइम। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बताया कि लोनी कोतवाली में गौमाता के बारे में जानकर गौवर्धन पूजा के दिन स्वयं को नहीं रोक पाया और आज गौमाता का आशीर्वाद लिया है। मुझे जानकर यह बहुत ही प्रसन्नता हुई कि यूपी पुलिस का एक मानवीय चेहरा यह भी है जो लोगों तक पहुंचना चाहिए। किस तरह से एक मरणासन्न गौमाता की थाना प्रभारी और उनकी टीम मदद करती है उसका उपचार कराती है और गौसेवा का अनुकरणीय उदाहरण पेश करती है। गौमाता की दिव्यता का यह प्रमाण है कि गौमाता पुलिसकर्मियों के साथ पूजा में शामिल होती है उनके परेड के दौरान उनके साथ खड़ी रहती है। कोतवाल अगर आशीर्वाद लेना भूल जाते हैं तो गाड़ी के सामने खड़ी हो जाती है। कोतवाल के अनुपस्थिति में उनके आफिस के पास हमेशा रहती है। यह इस बात की पुष्टि है कि लोनी कोतवाली में जो गौमाता है वो साधारण गौमाता नहीं है बल्कि दिव्य है और मां कामधेनु का अंश है। मैं इस पुण्य कार्य के लिए थानेदार समेत सभी पुलिसकर्मियों को साधुवाद देता हूँ।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ दो लुटेरों के पैर पर लगी गोली



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा की थाना सेक्टर 24 पुलिस की शातिर बदमाशों के साथ में मुठभेड़ हो गई। इस पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी और वो घायल हो गए। दोनों बदमाशों ने अभी 2 दिन पहले ही एक युवक से लूट की घटना को अंजाम दिया था। युवक के विरोध करने पर उसको गोली मारकर घायल कर दिया था। दोनों ही बदमाशों पर काफी मुकदमे दर्ज हैं। दरअसल थाना सेक्टर 24 पुलिस सेक्टर 54 टी पॉइंट के पास चेकिंग कर रही थी, इस दौरान मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया लेकिन वह लोग नहीं रुके और उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस के द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई, जिसमें दोनों बदमाश अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगे और पुलिस पर फायर करते रहे, इस दौरान पुलिस की गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए।

### बदमाश के पैर पर लगी है गोली

दोनों बदमाशों की पहचान मिथुन और राजा के रूप में हुई है। दोनों ही बदमाश बिहार के बेगूसराय के रहने वाले हैं लेकिन फिलहाल वो नोएडा के होशियारपुर में रह रहे थे। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटा हुआ मोबाइल फोन, पिस्टल और मोटरसाइकिल बरामद की है।

### पुलिस को मुखबिर से मिली थी सूचना

नोएडा के एडिशनल डीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया कि इन दोनों बदमाशों ने 1 तारीख को ऑटो में सवार एक युवक के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था। युवक ने जब विरोध किया तो उसके पैर में इन बदमाशों ने गोली मार दी, तभी से पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही थी।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा नेता हिमांशु लव दिल में आते हैं या दिमाग में? इस बारे में ज्यादा मत सोचना? हमें पता चला है वो भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए बना रहे हैं पंजाबी समाज का बड़ा कार्यक्रम करने की योजना? कहने वाले ने कहा उन्होंने पंजाबी समाज के साईलेंट चेहरों के सामने दे दिया है इस योजना को बनाकर यही संदेश? ना कोई शंका, ना कोई भूल, हमारा प्रत्याशी है ओन्ली कमल का फूल?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जाओ अगर आप भाजपा के चुनाव कार्यालय के नजदीक? तो ठीक कार्यालय की एन्ट्री पर लगा एक बोर्ड करेगा बहुत सी बातों की तस्दीक? आप देखेंगे इस होर्डिंग में जनरली साहब की दस साल की रील को कर दिया गया है कट? कार्यालय से लेकर आस-पास लगे हुए होर्डिंग पर उनका फोटो नजर नहीं आ रहा है किसी के निकट? कहने वाले ने कहा कहीं से तो मजबूती से निकला है फोटो को इग्नोर करने वाला पैगाम? इत्तेफाक अगर एक होर्डिंग पर होता तो फिर हम इस तरह की चर्चा नहीं कर रहे होते श्रीमान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि पूर्व मेयर अशु वर्मा ने संजीव शर्मा के चुनाव का संयोजक बनकर फिर से कायम रखा है मोस्ट ऐलीजेबल संयोजक वाला किरदार? मगर इस बार वो लोकसभा चुनाव की तरह नहीं दे रहे हैं अपने शब्दों को धार? जब हमने पूछी उनसे विधानसभा उपचुनाव में वोटिंग प्रतिशत और जीत के मार्जन वाली बात? तब इस बात पर उन्होंने खुल कर कुछ नहीं कहा साहब? किसी भी आंकड़े को वो खुल कर बताने से बना गये दूरी? इतना जरूर बोले कि लोकसभा चुनाव से ज्यादा वोट मिलेंगे, हसरत होगी हमारी पूरी? अपने चुनाव के 18 प्रतिशत पोल का भी दिख रहा था उनके चेहरे पर डाउट? मगर वो नेता स्मार्ट है, इसलिए नहीं किया उन्होंने अपनी भावनाओं को आउट?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे चुनाव कार्यालय पर मौजूद? यहां पर मजबूती से दिखाई दे रहा था चुनाव को मजबूती से देखने वाले शर्मा जी का वजूद? लेकर एमजी हैक्टर का नाम बार-बार उनके चेहरे पर आ रही थी मुस्कान? कर रहे थे वो कुछ कम रिसेल वैल्यू वाली बात? निशाना उनका हकीकत में गाड़ी पर था? या फिर गाड़ी का नाम लेकर वो निकाल रहे थे किसी के खिलाफ अपने दबे हुए दिल के जज्बात?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर के बिग ब्रदर हकीकत में निभा रहे हैं बिग वाले ब्रदर होने का फर्ज? इस बात की चर्चाएं हो रही थी कार्यकर्ताओं के मुख से कार्यालय पर दर्ज? कहने वाले कह रहे थे कि विजय नगर हो या नवयुग मार्किट? खूब दे रहे हैं बिग ब्रदर अपने स्माल ब्रदर के चुनाव में टाईम? भाई के प्रति भाई का प्रेम हमें लग रहा है बहुत ज्यादा फाईन? भाई के चुनाव लड़ने की काफी झलकती है उनके चेहरे पर शाईन?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि गठबंधन का टिकट कराने वाले एक पूर्व विधायक इन दिनों दिख रहे हैं काफी ज्यादा नाराज? पता चला है कि जैसा वो सोच रहे थे, वैसा होता हुआ नहीं दिख रहा साहब? जिन उम्मीदों से उन्होंने तैयार किया था किरदार? वो चेहरा इतनी शिद्दत से अपनी भूमिका नहीं निभा रहा है यार? पूर्व विधायक अचानक हुए इस बदलाव को देखकर हैं बहुत ज्यादा हैरान? वो जानते हैं चुनाव तो चुनाव के तरीके से ही लड़ा जाता है? ये राहें नहीं होती हैं इतनी आसान? आखिर इस किरदार का लेकर गये थे वो खुद भैया जी के पास नाम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर आप भगवा चुनाव कार्यालय पर लगा हुआ देखेंगे फ्रेम? तब आपको वरियता वाला गजब का दिखेगा क्लेम? होर्डिंग पर फोटो को ना जाने किस अंदाज से सजाया गया है? अति वरिष्ठ चेहरों का फोटो बाद में तो कुछ दिन पहले ही भगवा हुए चेहरों का फोटो पहले लगाया गया है? होर्डिंग की पहली से लेकर आखिरी पंक्ति तक की पहली फोटो में दिया गया है बाहर से भगवा हुए चेहरों को स्थान? कहने वाले ने कहा ये नई वाली भाजपा है? यहां इस तरह की घटनाएं अब हो गई है आम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा चौहान वैसे तो रखते हैं हर बात का ध्यान? मगर इस बार दिपावली वाली बधाईयों को लेकर वो चूक गये हैं श्रीमान? दो नावों वाला किरदार उनका कुछ चेहरों को परेशान कर रहा है यार? देने वाले दे रहे हैं संदेश? हमारे अंगने में अब क्या करेगा इनका फेस? जनरली अब ये वहीं पर जोड़े अपने तार? हमने दे दिये हैं इनको कई मौके? अब ये वहीं पर जाकर मारे अपने चौके?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा पार्षद भगवान से रखते हैं बहुत ज्यादा आस? सुना है ये हैवीवेट वालों के भी हैं बहुत ज्यादा खास? मगर खास होने का मामला नहीं आ रहा है इनको रास? पता चला है इनके मौहल्ले का चौकी इंचार्ज नहीं डालता है इनको घास? सुना है इस अनदेखी से ये हैं इस वक्त बहुत ज्यादा नाराज? वक्त ने इनके साथ इतनी ताकत होने के बावजूद किया है कितना हंसी सितम? हमें तो बिल्कुल भी समझ नहीं आ रहा साहब?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के मत चूको चौहान और यादव जी आजकल एक जैसा सपना देख रहे हैं श्रीमान? सुना है दोनों चाय पर बैठे थे साथ-साथ? तब अपने सपनों को एक दूसरे से शेयर कर रहे थे साहब? कह रहे थे हम सपने में लगा रहे थे भगवान से आस? कह रहे थे कि अगर शहर वाले एरिया में हमारा अगला जन्म हो? तो फिर हमें करना ब्राह्मण या वैश्य बनाने का प्रयास? ऐसा हुआ तो आसान हो जायेगा हमारी टिकट का रास्ता? यहां की डगर बहुत कठिन है, जो फिलहाल हम हैं वैसे तो पूरी नहीं होगी हमारी उम्मीदों की दास्तां?

नोट: उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दिपावली के अवसर पर दिल्ली में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भेंट कर दिपावली की शुभकामनाएं दीं। इस सुअवसर पर अंकित त्यागी मडल मंत्री राजनगर, हर्षित त्यागी भी उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट में शपथ पत्र देंगे 100 साधु-संत

## महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने सम्पूर्ण विश्व के इस्लामिक विद्वानों को शास्त्रार्थ हेतु किया आमंत्रित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी के विरुद्ध प्रयागराज उच्च न्यायालय में हजरत ख्वाजा गरीबनवाज वेलफेयर एसोसिएशन महाराष्ट्र के सचिव मोहम्मद यूसुफ और उसके एक और साथी के द्वारा दायर की गई जनहित याचिका में सौ सनातनी धर्म गुरु अपना शपथपत्र दाखिल करेंगे। यह बात शिवशक्ति धाम डासना में एक प्रेस वार्ता के माध्यम से साधु-संतों और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने रखी। प्रेस वार्ता में महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी के साथ महेश आहूजा, डॉ. उदिता त्यागी, अनिल यादव, मोहित बजरंगी, अजीत मलिक, अशोक मित्तल तथा अन्य बंधु गण उपस्थित थे।

संत समाज की ओर से श्रीमहंत राघवेंद्र पुरी, श्रीमहंत मच्छेंद्र पुरी, महंत कमल गिरी, साध्वी आस्था मां तथा अन्य संत उपस्थित थे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने कहा कि वो शिवशक्ति धाम डासना में सम्पूर्ण विश्व के इस्लामिक विद्वानों को विनम्रता के साथ शास्त्रार्थ के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। प्रेस वार्ता में बालाजी मंदिर हिंडन विहार के श्रीमहंत मच्छेंद्र पुरी महाराज ने कहा कि मोहम्मद और इस्लाम को लेकर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज का पक्ष जानने की आवश्यकता है। संत समाज प्रयागराज उच्च न्यायालय में हजरत ख्वाजा गरीबनवाज वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से डाली गई। जनहित याचिका का समर्थन करता है।हम भी सौ संत अपनी ओर से शपथपत्र देकर प्रयागराज उच्च न्यायालय से दूध का दूध और पानी का पानी करने का अनुरोध करेंगे।

प्रेस वार्ता में श्रीमहंत राघवेंद्र पुरी जी कहा कि आज सम्पूर्ण विश्व के लिए इस्लाम और मोहम्मद की सच्चाई जाना बहुत जरूरी है।इसके लिए मुस्लिम धर्मगुरुओं को हमारा सहयोग करना चाहिए।




# किस टू-स्टार ने खतरों पर खेलकर बुझाई आग

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में हरफनमौला और बहादुर टू और थ्री-स्टारों की कमी नहीं है। कोई बदमाशों से लोहा लेने में मशहूर है तो कोई अपने काम से ऐसी पहचान रखता है कि खाकी वालों से लेकर खादी वाले ऐसे नामों को याद रखते हैं। दीपावली के त्यौहार के बाद भी आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। वही इस बार यह भी खास रहा कि इस बार आग से कोई व्यक्ति की कमिश्नरेट में मौत नहीं हुई है। उधर सुनने में आ रहा है कि रविवार को सिटी जोन के खेत वाले थानेक्षेत्र की प्रमुख चौकी पर तैनात टू-स्टार के इलाके में आग लगने की सूचना मिली। आग लगने की सूचना के बाद मौके पर चौकी वाले प्रभारी पहुंचे। अपनी सोशल एक्टिविटी और सोशल मीडिया के माध्यम से बेहतर कार्य कर टीआरपी हासिल करने वाले इस टू-स्टार ने खतरों से बिना डरे आग बुझाने का काम किया। आग गैस के सिलेंडर में तेजी से फैल रही थी, मौके पर पहुंचे टू- स्टार ने बिना देरी किए और डरे पहले पानी से आग बुझाने का प्रयास किया। जब वह नहीं बुझी तो गीला कपड़ा डाल कर जलते हुए गैस के सिलेंडर को बुझाया और फिर दूसरे साथी की मदद से उस जलते हुए सिलेंडर को भीड़भाड़ वाले इलाके से खुले मैदान में ले जाकर रखा गया। जिसने भी पुलिसकर्मियों की इस बहादुरी का सीन देखा, उन्होंने पुलिस को थैंक यू किया। बता दें कि जिस टू-स्टार ने यह आग बुझाने का काम किया, वह सिटी थानाक्षेत्र की एक चौकी पर तैनात हैं और सोशल मीडिया पर उनकी अलग फैन फॉलोइंग और टीआरपी भी रहती है। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस घटना स्थल पर यह आग लगी थी, वह केंद्रीय कर्मचारियों की कॉलोनी है और वहां के स्टाफ क्वार्टर का यह पूरा घटनाक्रम था। जहां पहले समय पर पहुंच कर टू-स्टार ने न सिर्फ आग बुझाने का काम किया बल्कि लोगों को भी हौसला दिया कि घबराएं नहीं कुछ नहीं होगा, वह सुरक्षित हैं। कुल मिलाकर आग लगने और खास प्रकरणों में पुलिस की टाइमिंग को लेकर हमेशा सवाल व उंगली उठती है लेकिन जब टाइमिंग और प्रदर्शन बेस्ट होता है तो तारीफों की बौछार भी होती है। वहीं स्थानीय लोगों ने इस पूरे राहत बचाव कार्य का वीडियो बनाया था जो सोशल मीडिया पर भी नजर आ रहा है। उधर टू-स्टार के इस बहादुरी वाले नेक काम की भी सभी ने तारीफ की है।






### बैठें थे फूल वालों के लिये मगर सपोर्ट है हाथ साईकिल वालों के लिये

वैसे तो वो अगर ना बैठते तो सरकारी अफसरों ने बिठाने की पूरी तैयारी कर ली थी। चर्चे हैं कि फूल माला पहन कर भरे गये पर्चे में कमी तलाश कर रिजेक्ट करने की फुल तैयारी थी। मगर वो भी पूरे हैं और जानते हैं कि कौन सी बॉल पर कौन सा शॉट मारना हैं। फूल वालों में सर्मथन में जब वो गये तो राज्यसभा वालों से लेकर लोकसभा वाले उनके वैलकम में खड़े मिले। मगर अन्नकूट वाले प्रसाद में फूल वाले तो ये सोच कर नही गये कि दूसरी विधानसभा हैं तो वहां जाकर क्या करेगें। हाथ साईकिल वाले सिंह जानते हैं कि उनसे हाथ मिलाकर चलो तो दस बीस पचास सौ कुछ तो वोट पड़ेगें ही। समाजसेवी भी ऐसे हैं कि द्वार पर आये को तो पूरा प्यार है। लिहाजा वो भी हाथ साईकिल को पूरे अदब के साथ द्वार तक सी ऑफ करने आये। सीन ये हो गया कि देखो हम बैठे भले ही फूल वालों के लिये हैं मगर सपोर्ट हाथ साईकिल वालो को भी है।

### यहां किरायेदार बनते तो हैं उम्मीदवार मगर चुनाव जीतने के बाद

गाजियाबाद की सियासत में इस पार से उस पार जाकर कुछ कर गुजरने का भी इतिहास है। इस पार से हैवीवेट गये और उस पार सेट हो गये और ऐसे सेट हो गये कि बाबा सरकार में मिनिस्टर ऑफ कैबिनेट हो गये। फूल वालों के भगवा कमांडर ने पहले हवनकुंड रखा और टिकट मिल गया अब वो लाईनपार में किरायेदार हो गये हैं। कहने वाले ने कहा कि राम करे उन्हे ये टोटका फल जाये और वो विधायक बन जायें। कहने वाले ने कहा कि वैसे यहां सुरेश बसंल से लेकर अतुल गर्ग तक यहीं से चुनाव लड़े जीते भी और हारे भी मगर मुरादनगर विधानसभा के इन नागरिको ने लाईनपार में किराये का मकान नही लिया और ना खुद का खरीदा। अति वरिष्ठ भाजपाई ने कहा कि किराये का मकान तो वैसे यहां लोकसभा चुनाव लड़ने वालों ने भी लिया है मगर चुनाव जीतने के बाद उससे पहले तो अस्थायी व्यवस्था में ही चुनाव जीता गया।

### गजब की शान बेटे बेटियों की शादी में होता हैं यहां सड़क का दान

ये जिला गाजियाबाद है और इसकी अलग ही शान है। यहां रिश्तो की ब्यूटी ही ये है कि विकास का लिफाफा आपके कद में इजाफा करता है। यहां बेटे बेटियों की शादी में सड़क का दान होता है। सड़क को बेटी बहु घर नही ले जाती है बल्कि उनके स्वागत में सरकारी लागत से सड़क का निर्माण होता है। शहर में जब हलवाई के यहां शादी हुई तो उनका जेनरेटर का भी काम हैं और वो विधायक जी के भी एक खास के कतई खास। लिहाजा विधायक जी ने भी कराया उन्हे इस बात का अहसास। जिस सड़क पर कालीन बिछना था बिहारी जी गवाह है कि पहले उस सड़क पर रातो रात तारकोल का कालीन बिछा फिर कालीन बिछा। सबके साथ रहने वाले समाजसेवक के यहां विवाह और सवाल यहीं कि डोली क्या इस टूटी सड़क पर आयेगी। साहब का दिल बड़ा और फिर पहले रोड़ी आई तारकोल पड़ा और सड़क बनी तब बात बनी। सुना है कि जो चीफ से अटक रहे थे और पूरे मामले की फाईल को सटक रहे थे उनके भी यहां पुत्र विवाह की शहनाई बजने वाली हैं। सुना है कि गिफ्ट में यहां भी सड़क का दान हो गया है और जिस दीवान का रोड़ा फाईल में अटक रहा था वो रोड़ा साफ हो गया है।

# गाजियाबाद जिला जेल में भैया दूज पर भावुक मिलन, 2542 बहनों ने जेल में निरुद्ध भाइयों को किया तिलक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद जिला कारागार में रविवार को भैया दूज के पावन पर्व को शासन और कारागार मुख्यालय के निर्देशानुसार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 2542 बहनें अपने 1359 निरूद्ध भाइयों से मिलने जेल पहुंचीं, जबकि 42 भाइयों ने जेल में बंद अपनी 26 बहनों से मुलाकात की। परिवारों के साथ आए 1013 बच्चे भी इस पुनर्मिलन का हिस्सा बने। कारागार के बाहर एनजीओ रोटरी क्लब, गाजियाबाद की मदद से सभी आने वालों के लिए नाश्ते में फ्रूटी, नमकीन और केला वितरित किया गया। जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा के नेतृत्व में जेलर आलोक शुक्ला, डिप्टी जेलर बृजेश नारायण पाण्डेय, निखिल श्रीवास्तव, शिवानी, और कुन्ती दोहरे सहित जेल स्टाफ ने इस पूरी व्यवस्था को कुशलतापूर्वक संभाला। भारी भीड़ के मद्देनजर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की अतिरिक्त फोर्स भी सुरक्षा में तैनात रही।

## मुलाकात





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शहर विधानसभा उप चुनाव बीजेपी उम्मीदवार तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा बीजेपी के पूर्व पार्षद हिमांशु लव के आवास पर पहुंचे। यहां हिमांशु लव के पूरे परिवार ने संजीव शर्मा का स्वागत किया। पूर्व पार्षद हिमांशु लव उनकी पत्नी आंचल लव तथा पुत्र मनु वशिष्ठ एवं पुत्रवधु को संजीव शर्मा ने पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व पार्षद हिमांशु लव के पौत्र अगस्त्य वशिष्ठ से संजीव शर्मा ने विशेष स्नेहिल मुलाकात की।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोहा व्यापार मंडल अध्यक्ष अतुल जैन ने अपने जन्मदिन पर अपनी जीवन साथी अंजू जैन के साथ देवाधिदेव महादेव शिव का आशीर्वाद लिया। उन्होंने मेरठ के सुप्रसिद्ध शिव मंदिर बाबा औघड़ नाथ शिव मंदिर में पूजा की। इस पल को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# वक्फ संशोधन बिल पर टीडीपी उपाध्यक्ष के बयान से बढ़ सकती है भाजपा की टेंशन

**नई दिल्ली।** एनडीए में शामिल टीडीपी भाजपा की टेंशन बढ़ा सकती है। दरअसल, टीडीपी के उपाध्यक्ष नवाब जान उर्फ अमीर बाबू ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा है कि वक्फ संशोधन बिल को नाकामयाब करना है। टीडीपी उपाध्यक्ष के बयान के बाद से चर्चा होने लगी है कि भाजपा का अब इस पर क्या स्टैंड होगा। कहा जा रहा था कि संसद के अगले सत्र में सरकार इसे सदन में पेश करेगी। बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा इस बिल को हाल ही में लोकसभा में पेश किया गया। सरकार द्वारा कहा गया कि यह संशोधन बिल मुसलमानों के हित में है। हालांकि, सदन में विपक्षी सांसदों ने इसका विरोध किया था। विपक्षी सांसदों के विरोध के बाद इसे जेपीसी में भेजा गया था। सरकार ने वक्फ संशोधन बिल पर देश के लोगों की



राय भी मांगी थी।

हालांकि, इस बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठन भी लगातार आवाज उठाते रहे हैं। लेकिन, टीडीपी के उपाध्यक्ष के बयान के बाद से राजनीति तेज हो गई है। टीडीपी उपाध्यक्ष ने कहा, इस देश की आजादी में सबसे ज्यादा हिस्सा मुसलमानों का है। वक्फ बिल को हम पूरी तरीके से खारिज करते हैं। इसमें जो भी बदलाव लाने की कोशिश की जा रही है। वह किसी भी लिहाज से मुसलमानों के पक्ष में नहीं है। हमारे नेता चंद्रबाबू नायडू सेक्युलर जहन के हैं।

हमारी सरकार शिक्षा के लिए मुसलमानों के बच्चों को 15 लाख रुपये तक दे रही है। अगर केंद्र सरकार की ओर से वक्फ बिल लाने की कोशिश की जाती है, तो हम इसके विरोध में रहेंगे। इस देश पर सभी का अधिकार है। हम सभी ने शहादत दी है। हमारे देश को कोई बांटने की कोशिश करेगा, तो हम उसे रोकने को जान दे देंगे। हमारे मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की विचारधारा सेकुलर है। 15 दिसंबर को आंध्र प्रदेश में वक्फ बिल के खिलाफ एक कार्यक्रम होगा। इसमें मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भी शामिल होंगे।

# शाह का सोरेन सरकार पर वार 'बोले आदिवासियों की जमीन पर घुसपैठियों के कब्जे के खिलाफ लाएंगे सख्त कानून'

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में धालभूमगढ़ स्थित घाटशिला में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार पर जमकर निशाना साधा और आदिवासियों की जमीन घुसपैठियों को देने का आरोप लगाते हुए इसे रोकने के लिए सख्त कानून लाने तक का वादा किया।



**अमित शाह :** शाह ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, ह्यबांग्लादेशी घुसपैठ के कारण झारखंड में, खासकर संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्रों में आदिवासी आबादी में भारी गिरावट आ रही है। झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन राजनीतिक फायदे के लिए इसे बढ़ावा दे रहा हैं।

शाह ने कहा, हमारी माटी, बेटी, रोटी पर हमला हो रहा है। भाजपा इसे जारी नहीं रहने देगी। हम आदिवासियों की जमीन को घुसपैठियों को हस्तांतरित होने से रोकने के लिए सख्त कानून लाएंगे। हम उनके द्वारा हड़पी गई जमीन भी वापस ले लेंगे और उन्हें बाहर निकाल देंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने रैली के दौरान कहा कि झारखंड में चुनाव व्यवस्था में बदलाव लाने और झामुमो को गरीब आदिवासियों के लिए निर्धारित धन को हड़पने से रोकने के लिए लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए झारखंड में एक विधेयक भी लाया जाएगा।

### झामुमो को बताया भ्रष्ट पार्टी

उन्होंने कहा, झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव व्यवस्था में बदलाव लाने के लिए लड़ा जाएगा ताकि भ्रष्ट झामुमो को गरीब आदिवासियों के लिए निर्धारित धन हड़पने से रोका जा सके। शाह ने वादा किया कि भाजपा अगले पांच वर्षों में झारखंड से पलायन रोक देगी। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा ही राज्य का विकास सुनिश्चित कर सकती है।

### ओबीसी आरक्षण पर भी किया वादा

इतना ही नहीं शाह ने कहा कि भाजपा झारखंड में अन्य जातियों को प्रभावित किए बिना ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करेगी। उन्होंने झामुमो पर नक्सलियों के समर्थन का आरोप लगाते हुए कहा कि झामुमो ने नक्सलवाद का समर्थन किया, केंद्र की भाजपा सरकार ने इसे समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में अगर भाजपा सत्ता में आती है तो न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 51 वनोपजों की खरीद करेगी।

## न्यूज डायरी

### छठ को लोकपर्व, सांप्रदायिक सौहार्द का भी प्रतीक



**नई दिल्ली।** लोक आस्था के महापर्व 'छठ' की शुरूआत 5 नवंबर को नहाए-खाए के साथ होगी। चार दिन तक चलने वाले इस महापर्व को बिहार, यूपी, झारखंड समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में मनाया जाता है। यह पर्व सांप्रदायिक सौहार्द को भी प्रदर्शित करता है। क्यों कहा जाता है इसे लोकपर्व? आइए जानते हैं। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से सप्तमी तक छठ उत्सव मनाया जाता है। यह त्योहार भगवान सूर्य देव को समर्पित है। चार दिनों के इस लोकपर्व के पहले दिन नहाए-खाए, दूसरे दिन खरना और तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। चौथे दिन उगते सूर्य को जल अर्पण कर व्रत संपन्न होता है। चार दिनों तक चलने वाला लोकपर्व छठ अपनी परंपराओं के साथ एकता का भी संदेश देता है। इस पर्व पर हिंदू -मुसलमान हर किसी की सहभागिता की झलक दिखती है। भले ही देश में आज भी जाति को लेकर भेदभाव देखने को मिल जाए, लेकिन छठ ऐसा पर्व है, जिसमें जाति के सारे बंधन टूट जाते हैं। 'सूप-डाला' बनाने वाले लोग, किसान, फल सब्जी बेचने वाला दुकानदार, सड़क और घाटों की सफाई करने वाले लोग सबकी अहम भूमिका होती है। यही नहीं, लोकआस्था का महापर्व हिंदू-मुस्लिमों के बंधन को मजबूत करने का काम करता है। पटना में ही मुस्लिम समुदाय की महिलाएं दशकों से मिट्टी के चूल्हे बना रही हैं। इसी चूल्हे पर पूजा का प्रसाद तैयार किया जाता है। खास बात ये कि चूल्हा बनाने वाली महिलाएं महीने भर तक लहसुन, प्याज और मांसाहारी भोजन त्याग देती हैं। तो इस तरह ये लोकपर्व बन गया। सूर्य और उनकी बहन छठी मैया की पूजा होती है जो बच्चों के लालन-पालन की देवी मानी जाती हैं। सूर्य आरोग्य के देवता भी माने जाते हैं तो इस तरह घर परिवार की सुख समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य के लिए छठ उत्सव मनाया जाता है। हिंदू सनातन धर्म में जप और तप का महत्वपूर्ण स्थान है। जप जिसे मंत्रोच्चार से संभव बनाया जाता है तप वो जिसमें शारीरिक कष्ट सहकर ईश्वर की आराधना की जाती है। छठ इसी तप का नाम है। जिसमें हर जाति वर्ग के लोग तप करते हैं अर्घ्य देने के लिए या फिर मंत्रोच्चारण के लिए किसी पुरोहित की जरूरत नहीं होती बल्कि शुद्ध भाव से भगवान भास्कर को दूध या जल अर्पित कर देते हैं।

### नशे में वाहन चलाने के आरोप में 513 गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना की साइबराबाद ट्रैफिक पुलिस ने सप्ताहांत पर चलाए गए एक बड़े अभियान में नशे में गाड़ी चलाने के आरोप में 513 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये मामले शुक्रवार दोपहर दो



बजे से रविवार सुबह 6 बजे तक चलाए गए अभियान के दौरान सामने आए। पकड़े गए लोगों में 425 दोपहिया वाहन चालक, 24 तिपहिया वाहन चालक, 60 चार पहिया वाहन चालक और चार भारी वाहन चालक शामिल हैं। इनमें से 64 अपराधियों के खून में अल्कोहल का अनुपात 200 मिलीग्राम/100 मिली से 550 मिलीग्राम/100 मिली के बीच पाई गई। पुलिस ने कहा कि सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को अदालत में पेश किया जाएगा। इस बीच, हैदराबाद में सड़कों पर युवाओं द्वारा बाइक रेसिंग और खतरनाक स्टंट से लोगों में दहशत फैल रही है। हैदराबाद, साइबराबाद और राचकोंडा कमिश्नरेट की सीमा के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर दर्जनों बाइकर्स स्टंट करते देखे गए हैं। दीपावली के जश्न के दौरान युवा पटाखों के साथ भी अपनी बाइक पर खतरनाक स्टंट करते देखे गए।

# सीएम योगी को जान से मारने की मिली धमकी

## मामले की जांच के लिए मुंबई जाएगी एटीएस की टीम



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस्तीफा न देने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले की जांच के लिए यूपी एटीएस की टीम मुंबई जाएगी। मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने के मामले की जांच के लिए यूपी एटीएस की टीम मुंबई जाएगी। सीएम योगी को इस्तीफा न देने पर बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करने की धमकी दी गई थी। ये धमकी महाराष्ट्र पुलिस के कंट्रोल रूम को मैसेज करके दी गई थी जिसकी जानकारी महाराष्ट्र पुलिस ने यूपी पुलिस को दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए जाने वाले हैं। ऐसे में महाराष्ट्र की पुलिस अलर्ट पर है। मामले में मुंबई पुलिस ने 24 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है। सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी करने वाली महिला की पहचान फातिमा खान के रूप में हुई है। वह अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में रहती थी। उसके पिता लकड़ी का कारोबार करते हैं। पुलिस ने बताया कि महिला अच्छी तरह से शिक्षित है, लेकिन मानसिक रूप से अस्थिर है।

### ये है पूरा मामला

मुंबई ट्रैफिक पुलिस को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी भरा संदेश मिला है। शहर पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल रूम को एक अज्ञात नंबर से संदेश मिला, जिसमें कहा गया कि अगर योगी आदित्यनाथ 10 दिन के अंदर सीएम पद से इस्तीफा नहीं देते हैं, तो उन्हें एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की तरह मार दिया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस अलर्ट पर है, क्योंकि योगी आदित्यनाथ राज्य विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए महाराष्ट्र आ सकते हैं। उन्होंने धमकी भरे संदेश की जांच शुरू कर दी है।

# राहुल गांधी बोले: प्रियंका आपकी सबसे अच्छी सांसद साबित होंगी

**वायनाड।** वायनाड लोकसभा सीट पर 13 नवंबर उपचुनाव होने हैं। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को अपनी बहन और पार्टी की उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा के समर्थन में वायनाड में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। राहुल गांधी ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, यह पहली बार है कि मैं अपनी बहन के लिए प्रचार करने के लिए किसी सभा में आया हूं। मेरे पहले चुनाव के दौरान मेरी बहन ने मेरे लिए प्रचार किया और तब से वह ऐसा कर रही हैं। उन्होंने हमारी मां और पिता के लिए भी प्रचार किया। वह पूरे समय एक प्रचारक रही हैं और अब तक कभी चुनाव में खड़ी नहीं हुई थीं। इससे आपको उनके बारे में बहुत कुछ पता चल जाएगा। राहुल गांधी ने कहा, रमैं भाग्यशाली हूं कि वह मेरी बहन हैं। अब, आप भी भाग्यशाली हैं कि वह मेरी बहन हैं और आपकी बहन, मां और बेटी की तरह होंगी,



इसलिए मुझे विश्वास है कि वह आपकी सबसे अच्छी सांसद साबित होंगी, जो आपको मिल सकती है। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा, मेरी बहन एक अलग स्तर पर सोचती है। कई राजनेता किसी किसान को देखकर उस पर सिर्फ किसान का लेबल लगा देंगे। मेरी बहन ऐसा नहीं कहेगी, उसके लिए वह एक पिता है और एक भाई है। वह यह समझने की कोशिश करेगी कि वह व्यक्ति किस दौर से गुजर रहा है। वह किसान से बात करेंगी और पूछेंगी कि उचित मूल्य से वंचित होने पर उन्हें कैसा लगता है। जब वह अपने बच्चे की स्कूल फीस का भुगतान नहीं कर सकते थे या जब उनकी मां आईसीयू में थी और वह इसके लिए भुगतान नहीं कर सकते थे तो उन्हें कैसा महसूस हुआ।

मैं उसे बहन के रूप में पाकर भाग्यशाली हूं और अब आप सभी भी भाग्यशाली होंगे। राहुल गांधी ने कहा, आप हर जगह देखते हैं, गुस्सा, हिंसा और नफरत दिखाई देती है, लेकिन मानवता कहां है? वह उस तरह की शख्स हैं, जिसने हमारे पिता की हत्या में शामिल लड़की को गले लगाया था। उन्हें इसी तरह की ट्रेनिंग मिली है। भारत को इसी तरह की राजनीति की जरूरत है, जो सिर्फ प्यार और स्नेह की राजनीति करे, न कि नफरत की। उन्होंने आगे कहा कि आज सुबह जब वह वायनाड आ रही थी तो उनके पास एक लिस्ट है।

# मायावती बोलीं : हजारों स्कूलों को बंद करने का फैसला उचित नहीं, बेहतर सुधार की जरूरत

**लखनऊ।** बसपा सुप्रिमो मायावती ने एक बार फिर सरकार को घेरा। कहा कि हजारों स्कूलों को बंद करने का फैसला उचित नहीं है। इनमें बेहतर सुधार की जरूरत है। उन्होंने यूपी के साथ ओडिसा सरकार के फैसले को अनुचित बताया। राजधानी लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक बार फिर सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 50 से कम छात्रों वाले बदहाल 27,764 परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का फैसला उचित नहीं है। ऐसे में गरीब बच्चे आखिर कहां और कैसे पढ़ेंगे। राज्य सरकार को दूसरे स्कूलों में उनका विलय करने की बजाय उनमें जरूरी सुधार करके बेहतर बनाने के उपाय करने चाहिए।



बसपा सुप्रीमो ने रविवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि यूपी व देश के अधिकतर राज्यों में खासकर प्राइमरी व सेकंडरी शिक्षा का बुरा हाल है। इसकी वजह से गरीब परिवारों के करोड़ों बच्चे अच्छी शिक्षा से दूर होने के साथ स्कूलों को बंद करने का फैसला भी अनुचित

ओडिसा सरकार द्वारा कम छात्रों वाले स्कूलों को बंद करने का फैसला भी अनुचित है। सरकारों की इसी गरीब व जनविरोधी नीतियों का परिणाम है कि लोग प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने को मजबूर हो रहे हैं। जैसा कि सर्वे से स्पष्ट है, लेकिन सरकार द्वारा शिक्षा पर समुचित धन व ध्यान देकर इनमें जरूरी सुधार करने की बजाय इनका बंद करना ठीक नहीं है।

# महाकुंभ 2025 विशेष : श्रद्धालुओं को होंगे अमृत कलश के दर्शन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस बार प्रदेश सरकार महाकुंभ को पिछले सभी कुंभ से ज्यादा विराट, भव्य और दिव्य बनाने के लिए प्रयागराज में 24 घंटे काम कर रही है। इसी क्रम में इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज ने महाकुंभ की भव्यता को नया रूप देने की योजना बनाई है। संग्रहालय ने महाकुंभ के दौरान कलश से टपकती अमृत की बूंद के दृश्य को प्रतिकृति के रूप में प्रदर्शित करने का फैसला किया है। भारतीय कला व संस्कृति को प्रदर्शनी के द्वारा प्रदर्शित करने के लिए मेला प्रशासन से लगभग 12 हजार वर्ग फिट जमीन की डिमांड भी की गई है। संग्रहालय के डिप्टी क्यूरेटर डॉ. राजेश मिश्रा के अनुसार महाकुंभ के दौरान संग्रहालय की तरफ से स्थापित अमृत कलश देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। अमृत टपकता कुंभ श्रद्धालुओं



के लिए सेल्फी प्वाइंट के तौर पर विकसित किए जाने की योजना है। महाकुंभ के पौराणिक महत्व को देखते हुए ही इस बार अमृत कलश की स्थापना का निर्णय लिया गया है।

इसके साथ ही इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज ने दुनिया की पहली ऐसी वीथिका का भी निर्माण किया है, जहां सन 1857 से लेकर आजादी मिलने तक सभी प्रमुख क्रांतिकारियों की गाथा का प्रदर्शन किया गया है। इसमें देश की आजादी के लिए लड़ने वाले गरम दल के लगभग सभी क्रांतिकारियों को प्रदर्शित किया गया है। इलाहाबाद संग्रहालय ने 90 साल की क्रांति को जीवंत रूप दिया है। यहां मंगल पांडे से लेकर चंद्रशेखर आजाद तक लगभग सभी बड़े आजादी के परवानों के बारे में लोगों को जानने को मिलेगा। डिजिटल और आलेखों से बनी यह दुनिया की पहली वीथिका है, जहां एक साथ इतने क्रांतिकारियों को नमन करने और उनकी खूबियां जानने का अवसर मिलेगा।

# बस मार्शलों पर गंदी राजनीति बंद करे भाजपा : सीएम आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को भाजपा नेताओं को बस मार्शलों की बहाली को लेकर गंदी राजनीति बंद करने की चेतावनी दी। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि नौकरी से निकाले गए सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों (सीडीवी) को पता है कि उनकी परेशानी की वजह भाजपा है, न कि सत्तारूढ़ आप या उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल। मुख्यमंत्री ने भाजपा को चुनौती दी कि वह अधिकारियों से उनकी सरकार के उस प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए कहें, जिसे इस सप्ताह राजनिवास भेजा जा सकता है ताकि सभी 10 हजार सीडीवी को तुरंत नियमित किया सके।



आतिशी ने गरीब परिवारों के 10 हजार से अधिक बस मार्शलों को रोजगार प्रदान करने और दिल्ली की महिलाओं तथा बच्चों के लिए बस यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए उनकी तैनाती का श्रेय केजरीवाल को देते हुए कहा कि उनकी सेवा में व्यवधान ह्लभाजपा द्वारा नियंत्रित अधिकारियोंह्व के कारण उत्पन्न हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के अधिकारियों ने अप्रैल 2023 में बस मार्शलों का वेतन रोक दिया और उन्हें बर्खास्त करने के लिए फाइलों पर लगातार नकारात्मक नोटिंग की। आतिशी ने मीडियाकर्मियों से कहा, यह अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप सरकार के प्रयासों के कारण ही संभव हुआ कि बाधाओं के बावजूद बस मार्शलों को वेतन जारी किया गया। उन्होंने दावा किया कि केजरीवाल ने बस मार्शलों की बहाली तक उनके संघर्ष में शामिल होने का वादा किया है। मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर यह हमला उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना द्वारा शनिवार को लिखे गए एक पत्र के बाद किया है, जिसमें उन्होंने 1 नवंबर से प्रदूषण नियंत्रण के लिए सीडीवी को फिर से शामिल करने का प्रस्ताव लाने में दिल्ली सरकार की असमर्थता पर नाराजगी व्यक्त की थी। सक्सेना ने कहा कि उन्होंने शहर में प्रदूषित हवा से निपटने के उपाय के रूप में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों (सीडीवी) की शीघ्र पुनर्नियुक्ति की मांग की थी।एलजी ने कहा कि उनकी समय पर बहाली से प्रदूषण से लड़ने में मदद मिली होती और उनके कल्याण में योगदान मिला होता। सीएम आतिशी ने रविवार को भाजपा को एक ऐसी पार्टी बताया जो आंदोलनकारी बस मार्शलों को लाठियों से पिटवाती है और दिल्ली और देश भर में अनुबंध कर्मचारियों के कल्याण का विरोध करती है।

आतिशी ने कहा, विधानसभा चुनावों से पहले, भाजपा ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में लाखों संविदा कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने का वादा किया था, लेकिन वह ऐसा करने में विफल रही। सीएम ने दिल्ली में अनुबंध कर्मचारियों को नियमित करने में आप सरकार का रिपोर्ट कार्ड भी पेश करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, आप सरकार ने पिछले दो साल में 10,000 से ज्यादा संविदा पर काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को नियमित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सप्ताह उनकी सरकार सभी बस मार्शलों की सेवाओं को नियमित करने का प्रस्ताव भेजेगी, लेकिन उन्होंने आशंका जताई कि भाजपा इस प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिलने देगी।

# जम्मू-कश्मीर : श्रीनगर के ग्रेनेड हमले में 12 से अधिक दुकानदार घायल, सीएम उमर अब्दुल्ला ने की निंदा

श्रीनगर । श्रीनगर में रविवार दोपहर आतंकवादियों ने सीआरपीएफ के एक वाहन पर ग्रेनेड फेंका, लेकिन निशाना चूक गया और ग्रेनेड सड़क पर फट गया। इस हमले में करीब 12 से अधिक पैदल यात्री और दुकानदार घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि अज्ञात आतंकवादियों ने श्रीनगर शहर में टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर (टीआरसी) क्रॉसिंग के पास सीआरपीएफ के मोबाइल बंकर वाहन पर ग्रेनेड फेंका। एक अधिकारी ने बताया, 'ग्रेनेड का निशाना चूक गया और वह सड़क पर फट गया, इससे 12 से अधिक नागरिक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है और तलाशी के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।



वरिष्ठ पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।' बता दें कि जिस जगह ग्रेनेड फटा, वहां 'संडे मार्केट' (गर्म कपड़े, कंबल, जैकेट, बर्तन, क्रॉकरी, जूते आदि बेचने वाले फेरीवाले) के कारण खरीदारी करने वालों की भीड़ लगी रहती है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस हमले की निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, 'पिछले कुछ दिनों में घाटी हमलों और मुठभेड़ों की सुर्खियों में हैं। श्रीनगर के 'संडे मार्केट' में निर्दोष दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की खबर बेहद परेशान करने वाली है। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। सुरक्षा तंत्र को जल्द से जल्द हमलों की इस लहर को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, ताकि लोग बिना किसी डर के अपना जीवन जी सकें।' बता दें कि ग्रेनेड हमले के एक दिन पहले श्रीनगर के खानयार इलाके में भीषण गोलीबारी में पाकिस्तानी 'लश्कर-ए-तैयबा' के टॉप कमांडर उस्मान भाई उर्फ छोटा वलीद की मौत हो गई थी और चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे। पिछले महीने, आतंकवादियों ने गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में एक श्रमिक शिविर पर हमला करके छह बाहरी श्रमिकों और एक स्थानीय डॉक्टर की हत्या कर दी थी। 25 अक्टूबर को, आतंकवादियों ने बारामूला जिले के गुलमर्ग स्की रिसॉर्ट के बोटा पाथरी इलाके में सेना के तीन जवानों और दो नागरिक कुलियों की हत्या कर दी थी। 1 नवंबर को आतंकवादियों ने बडगाम जिले के मागम इलाके के मजहामा गांव में दो गैर स्थानीय लोगों पर गोलीबारी की थी। लगातार हो रहे आतंकी हमले को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने आरोप लगाया है कि ये हमले उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली राजनीतिक सरकार को अस्थिर करने के लिए किए जा रहे हैं। उन्होंने इन हमलों के लिए कौन सी एजेंसी जिम्मेदार है, इसका पता लगाने के लिए स्वतंत्र जांच की मांग की है।

# राष्ट्रपति चुनाव के लिए तय दिन से पहले ही करोड़ों वोटर्स ने किया मतदान, जानें क्या है यह नियम

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए 5 नवंबर की तारीख तय है। हालांकि, देशभर में इससे पहले ही करोड़ों मतदाताओं ने अपना वोट डाल दिया है। यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरिडा की इलेक्शन लैब ट्रैकर के मुताबिक, अब तक अमेरिका में 6 करोड़ 80 लाख लोग वोट डाल चुके हैं।

अमेरिका में चुनाव के लिए तय तारीख से पहले ही वोटिंग का अधिकार देने वाले इस नियम को अर्ली वोटिंग कहा जाता है। इस नियम के तहत अमेरिका में वोटिंग के लिए वैध नागरिकों को वोटिंग डे से पहले भी मतदान का अधिकार दिया जाता है। वह रजिस्टर्ड ईमेल, बैलट को पोस्ट कर और मतदान केंद्र पर वोटिंग की तारीख से पहले ही जाकर वोट दे सकते हैं।



**अकेले न्यूयॉर्क शहर की ही बात करें तो यहां अर्ली वोटिंग शुरू होते ही पहले दिन करीब 1,40,000 लोगों ने अपना वोट डाल दिया।**

अकेले न्यूयॉर्क शहर की ही बात करें तो यहां अर्ली वोटिंग शुरू होते ही पहले दिन करीब 1,40,000 लोगों ने अपना वोट डाल दिया। यहां के बोर्ड ऑफ इलेक्शन के मुताबिक, न्यूयॉर्क ने अर्ली वोटिंग में रिकॉर्ड बना दिया है और यह अभी भी जारी है।

अर्ली वोटिंग की इस सुविधा से ज्यादातर मतदाता वोटिंग के लिए तय दिन में कई तरह की समस्याओं से बच जाते हैं। फिर चाहे वह मतदान के लिए लगी लंबी कतारें हों या खराब मौसम या मतदातस्थल पर किसी और तरह की परेशानी।

# हिजाब न पहनने पर सुरक्षाबलों ने पीटा, गुस्से में महिला ने सभी के सामने ही उतार दिए कपड़े, वीडियो वायरल

**तेहरान ।** ईरान अपने कड़े हिजाब प्रतिबंधों के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है, लेकिन अब वहां कुछ ऐसा हुआ है, जो पूरी दुनिया में सुर्खियां बन गया है। दरअसल ईरान में सुरक्षाबलों ने एक महिला को हिजाब न पहनने के लिए प्रताड़ित किया, जिससे नाराज होकर महिला सार्वजनिक तौर पर निर्वस्त्र हो गई। इसकी वीडियो भी सामने आई हैं और सोशल मीडिया पर पूरी दुनिया के लोग इस पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।



**विश्वविद्यालय प्रबंधन का दावा- महिला मानसिक रूप से बीमार :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना ईरान की इस्लामिक आजाद यूनिवर्सिटी की है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि महिला निर्वस्त्र विश्वविद्यालय कैंपस में बैठी हुई है और एक सुरक्षाकर्मी ने उसे रोकने की कोशिश कर रहा है।

दावा किया जा रहा है कि महिला को हिजाब ने पहनने के चलते प्रताड़िता किया गया था, जिससे नाराज होकर उसने यह कदम उठाया। हालांकि घटना के बाद विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में दावा किया कि महिला गहरे मानसिक तनाव में है और उसे मानसिक समस्या भी है।

हालांकि कई सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि महिला ने जानबूझकर ऐसा किया है।

गौरतलब है कि ईरान में महिलाओं के हिजाब पहनने के कड़े नियम हैं और अक्सर ईरान से हिजाब के विरोध की खबरें सामने आती रहती हैं। कुछ साल पहले ईरान में हिजाब न पहनने के विरोध में ही महसा अमीनी नामक युवती की सुरक्षाकर्मियों की पिटाई से मौत हो गई थी। इसके

**ईरान में हिजाब को लेकर कड़े प्रतिबंध**

बाद पूरे ईरान में सरकार के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिनमें सैंकड़ों लोग मारे गए थे और महसा अमीनी हिजाब के विरोध का स्वर बनकर उभरी थी। उस समय भी कई महिलाओं ने हिजाब उतारकर अपना विरोध दर्ज कराया था।

# बांग्लादेश के हिंदू फिर हुए एकजुट; आरोप- यूनुस सरकार में बढ़े हमले, हिंसा की घटनाओं में भी बढ़ोतरी

**ढाका ।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले और उनके खिलाफ हिंसा की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। यही वजह है कि शनिवार को एक बार फिर हजारों की तादाद में बांग्लादेश के हिंदू समुदाय के लोगों ने सड़कों पर उतर विरोध मार्च निकाला। इस विरोध मार्च के दौरान हिंदू समुदाय और अन्य अल्पसंख्यकों ने सुरक्षा की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पूर्व की शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद से उन्हें हिंसा और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है।



### शेख हसीना की सरकार जाने के बाद से बढ़े हमले

बीते अगस्त में एक छात्र आंदोलन के चलते शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतत्व में एक कार्यवाहक सरकार बांग्लादेश में प्रशासन कर रही है, लेकिन शेख हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद से बांग्लादेश में हिदुओं और अन्य अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों पर हमले की घटनाएं बढ़ी हैं, जिनके खिलाफ अल्पसंख्यक वर्ग द्वारा कई बार विरोध प्रदर्शन किए गए हैं। मोहम्मद यूनुस ने भी अल्पसंख्यकों पर हमलों की बात को स्वीकार किया था, लेकिन कहा कि ये हमले धर्म के आधार पर नहीं बल्कि राजनीति से प्रेरित हैं।

### अल्पसंख्यकों की सरकार से ये है नाराजगी

विरोध प्रदर्शन कर रहे अल्पसंख्यकों ने मोहम्मद यूनुस सरकार से उन पर हो रहे हमलों के विरोध में कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह बेहद खेदजनक है कि बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार अल्पसंख्यकों द्वारा झेली जा रही पीड़ा को स्वीकार ही नहीं कर रही। लोगों के धर्म स्थलों, व्यवसायों और घरों पर हमले हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने अंतरिम सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने और सरकार से अल्पसंख्यकों को न्यूनतम प्रतिनिधित्व अनिवार्य करने की मांग की।

इस सप्ताह चटगांव में अल्पसंख्यक अधिकार रैली में भाग लेने के लिए 19 लोगों के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किए जाने के बाद से अल्पसंख्यकों में तनाव के हालात हैं। अल्पसंख्यक प्रदर्शनकारियों का कहना है कि लोगों पर देशद्रोह के झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं, जिससे सरकार की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं।

# न्यूयॉर्क में पहली बार स्कूलों में मिली दिवाली की छुट्टी
## जैनिफर ने बताया लंबी लड़ाई के बाद मिला ये मौका

**न्यूयॉक ।** न्यूयॉर्क में पहली बार स्कूली बच्चों ने दिवाली की छुट्टी उत्साह के साथ मनाई। नवंबर 1, 2024 को यह पहला मौका था कि दिवाली को एक प्रमुख त्यौहार मानते हुए सभी पब्लिक स्कूल बंद रहे। इस छुट्टी के लिए न्यूयॉर्क क्षेत्र में बसे भारतीय मूल के लोग और अमेरिका का हिंदू समुदाय लंबे समय से मांग कर रहा था।



### जन प्रतिनिधि जैनिफर ने बताया एतिहासिक पल

इसे लंबी लड़ाई के बाद मिली जीत बताते हुए भारतीय मूल की जन प्रतिनिधि जैनिफर राजकुमार ने कहा यह एतिहासिक मौका है।

कानूनी प्रावधान के बाद न्यूयॉर्क में आने वाली कई पीढ़ियां इस दिन अंधकार पर प्रकाश की जीत के उत्सव का महत्व जान पाएंगी। न्यूयॉर्क असेंबली की सदस्य जैनिफर के ही प्रस्ताव के बाद ही इस पर कानूनी मुहर लगी।

**नीत भसीन ने जाहिर की खुशी** : न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर बीते 9 सालों से दीपोत्सव आयोजित कर रही नीता भसीन कहती हैं कि यह छुट्टी अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों के बढ़ते रसूख का भी असर है। करीब 47 साल पहले हरिद्वार से अमेरिका आ बसी नीता अमर उजाला से बातचीत में बताती हैं कि बीते दिनों आयोजित दीपावली एट टाइम्स स्क्वायर में भारत ही नहीं नेपाल और कैरेबियाई मूल के हिंदू परिवार भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इसके साथ ही नीता कहती हैं कि अब प्रयास हैं कि न्यूयॉर्क के बाद अब पूरे अमेरिका में इस छुट्टी को लागू कराने की मुहिम चलाई जाए। ताकि भारतीय मूल्यों और संस्कारों को दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए लोग भी जान सकें।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में राजनयिक समुदाय और भारतवंशियों को संबोधित कर रहे एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि हिंदू त्योहार दिवाली याद दिलाता है ।

# बिना वित्त पर सहमति बने समाप्त हुआ संयुक्त राष्ट्र प्रकृति सम्मेलन
## नया वैश्विक कोष बनाने की तैयारी

**बोगोटा ।** कोलंबिया के कैली में शनिवार को 16वां संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन खत्म हुआ। यह सम्मेलन अपने तय समय से 12 घंटे ज्यादा चला, लेकिन जैव विविधता संरक्षण के लिए धन बढ़ाने पर कोई समझौता नहीं हुआ। यह सम्मेलन अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन था, जिसमें इसमें एक सहायक निकाय बनाने पर सहमति हुई, जो भविष्य में जैव विविधता संरक्षण में स्वदेशी लोगों की भागीदारी को बढ़ावा देगा। बता दें कि इस सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों ने एक नया वैश्विक कोष स्थापित करने पर भी सहमति जताई है।

### पेटीसिया जुरिटा का बयान

वहीं इस मामले में कंजर्वेशन



इंटरनेशनल की पेट्रीसिया जुरिटा ने कहा कि जैव विविधता के लिए मजबूत वित्तीय समझौता न होने से खतरा बढ़ता है और हमें अब और कार्रवाई में देरी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन से स्वदेशी लोगों की आवाज को बुलंद करने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसके साथ ही विश्व संसाधन संस्थान की क्रिस्टल डेविस ने कहा कि नए कोष के माध्यम से विकासशील देशों को जैव विविधता की रक्षा के लिए नए वित्तीय स्रोत मिलेंगे।

# 50 से अधिक घर, 14 किमी लंबी दीवार: सऊदी में मिला 4000 साल पुराना शहर, जहां रहते थे 500 लोग

**रियाद ।** सऊदी अरब में करीब चार हजार साल पुराने एक शहर की खोज पुरातत्वविदों ने की है। शोधकताओं का दावा है कि सऊदी में एक रेगिस्तानी इलाके में छिपे 4,000 साल पुराने किलेबंद शहर की खोज से पता चलता है कि कैसे उस समय जीवन धीरे-धीरे खानाबदोश से शहरी रहन-सहन में बदल रहा था। उत्तर पश्चिम सऊदी में मिले इस प्राचीन शहर का नाम अल-नताह है। ये शहर लंबे समय तक खैबर की दीवारों से घिरे नखलिस्तान में छिपा हुआ था। यह खोज इस बात का प्रमाण है कि इस क्षेत्र में प्राचीन काल में भी उन्नत सभ्यताएं मौजूद थीं। इस अध्ययन का विवरण प्लस वन नामक एक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।



**शोधकताओं का कहना है कि यह उस समय बड़ा शहर था। यहां करीब 500 लोग रहते थे। प्रारंभिक कांस्य युग के दौरान इस बस्ती को लगभग 2400 ईसा पूर्व के आसपास बसाया गया था और लगभग 1400 ईसा पूर्व तक यहां जीवन रहा होगा। एक हजार साल बाद ये वीरान हो गया। हालांकि इसके निवासियों ने शहर क्यों छोड़ा, कोई नहीं जानता है।**

एक रिपोर्ट के मुताबिक, खैबर के रेगिस्तानी इलाके का यह स्थल प्रारंभिक कांस्य युग के खानाबदोशी से स्थिर जीवनशैली में बदलाव से सीधे जुड़ा हुआ है। फ्रांसीसी पुरातत्वविद् गिलाउम चार्लोक्स के नेतृत्व में किए गए शोध में प्राचीन 50 से अधिक अलग-अलग घर और एक 14.5 किलोमीटर लंबी दीवार की खोजी गई है। अब जर्नल पीएलओएस वन में पब्लिश एक नए अध्ययन में फ्रांसीसी-सऊदी शोधकताओं की टीम ने ये कहा है कि ये दीवार प्राचीर एक शहर के पास बनी है।

### करीब 500 लोगों का था घर

शोधकताओं का कहना है कि यह उस समय बड़ा शहर था। यहां करीब 500 लोग रहते थे। प्रारंभिक कांस्य युग के दौरान इस बस्ती को लगभग 2400 ईसा पूर्व के आसपास बसाया गया था और लगभग 1400 ईसा पूर्व तक यहां जीवन रहा होगा। एक हजार साल बाद ये वीरान हो गया। हालांकि इसके निवासियों ने शहर क्यों छोड़ा, कोई नहीं जानता है। जब अल-नताह का निर्माण हुआ, तो वर्तमान सीरिया से लेकर जॉर्डन तक भूमध्य सागर के किनारे लेवंत क्षेत्र में फल-फूल रहे थे।

**उत्तर-पश्चिमी अरब माना जाता था बंजर रेगिस्तान :** शोधकताओं का कहना है कि उस समय उत्तर-पश्चिमी अरब को बंजर रेगिस्तान माना जाता था, जहां चरवाहे खानाबदोश रहते थे और यहां कई दफन स्थल थे। 15 साल पहले पुरातत्वविदों ने खैबर के उत्तर में तायमा के नखलिस्तान में कांस्य युग की प्राचीर की खोज की थी।

# लेबनान को इस्राइल का मुंहतोड़ जवाब भीषण हवाई हमले का किया पलटवार

**बेरूत ।** इस्राइल ने जहां लेबनान के उत्तर-पूर्वी खेतिहर गांवों में दर्जनों भीषण हवाई हमलों में 52 लोगों को मौत के घाट उतार दिया वहीं लेबनान से भी रॉकेटों से इस्राइल पर हमलों में 11 लोग घायल हो गए। युद्धविराम की संभावनाएं घटने से दोनों के बीच कई हमले किए गए। लेबनान में हुए इस्राइली हमलों में 72 लोग घायल भी हुए हैं। उधर, मध्य गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि ताजा इस्राइली हवाई हमलों में मारे गए 25 लोगों के शव बरामद हो चुके हैं।

सितंबर के बाद से इस्राइली बलों और लेबनानी हिजबुल्ला समूह के बीच लाड़ाई के बीच युद्धविराम का अमेरिकी दबाव भी फीका पड़ चुका है। इस्राइल के टीरा शहर में लेबनान से छोड़े गए रॉकेट गिरे। एक इमारत के बाहर कुछ बच्चे और महिलाएं चिल्लाते हुए दिखे। यहां इमारत के भीतर कई लोग थे जिनमें से 11 लोग

### 70 से ज्यादा की मौत



घायल हुए। हिजबुल्ला ने कहा था कि उसने तेल अवीव के बाहरी इलाके में एक सैन्य अड्डे को निशाना बनाया था। इस्राइली सेना ने शनिवार को कहा कि उसने टायर क्षेत्र में हिजबुल्ला कमांडर मीन मूसा एज अल-दीन और संगठन के तटीय क्षेत्र के तोपखाने गठन के कमांडर हसन माजिद दीब को मार गिराया।

इस्राइल ने उत्तरी गाजा में शेख प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर हमले पर हमला किया। इस हमले में मानवीय ठहराव के दौरान चार बच्चों सहित छह लोग घायल हो गए। इस्राइल के इस हमले पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) ने निंदा की है। हल्ड के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा हमें एक बेहद चिंताजनक रिपोर्ट मिली है कि उत्तरी गाजा में शेख रादवान प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र पर आज उस समय हमला किया गया जब माता-पिता अपने बच्चों को जीवनरक्षक पोलियो टीकाकरण के लिए ला रहे थे। ऐसे क्षेत्र में जहां टीकाकरण को आगे बढ़ाने के लिए मानवीय ठहराव पर सहमति बनी थी।

### अयातुल्ला अली की धमकी

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इस्राइल तथा अमेरिका को हृकरारा जवाबह्न देने की धमकी दी है।

# बढ़ते हमलों पर यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने जताई चिंता, रूस को बताया वैश्विक खतरा

**कीव ।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस के बढ़ते हमलों पर चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि अक्टूबर में अकेले 2,000 से ज्यादा शाहेड ड्रोन और मिसाइलें यूक्रेन पर लॉन्च की गईं, जिनमें पश्चिमी देशों के घटकों का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि रूस की आपूर्ति श्रृंखला चीन, यूरोप और अमेरिका की कंपनियों के 1,70,000 से ज्यादा अलग-अलग घटकों पर निर्भर है।



### रूस को बताया वैश्विक खतरा

इसके साथ ही जेलेंस्की ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि रूस उत्तर कोरिया और ईरान के साथ मिलकर काम करता है, तो यह एक वैश्विक खतरा बन सकता है। इसके साथ ही उन्होंने पश्चिमी देशों से अपील की कि उन्हें रूस को इन घटकों की आपूर्ति रोकने के लिए निर्यात नियंत्रण बढ़ाना चाहिए।

**पश्चिमी घटकों के इस्तमाल को दशार्या :** रूस के लगातार प्रहार को लेकर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि रूस लगातार अपने हमलों को बढ़ा रहा है और इसके लिए वह अभी भी पश्चिमी घटकों का इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के कारण दुनिया को रूस के खिलाफ प्रतिबंधों को और सख्त करने की जरूरत है, ताकि वह इन प्रतिबंधों को दरकिनार न कर सके।

### अमेरिकी विदेश मंत्री का दावा

जेलेंस्की के बयान के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन का भी एक दावा सामने आया है। जिसमें उन्होंने बताया कि रूस में लगभग 10,000 उत्तर कोरियाई सैनिक मौजूद हैं जिनमें से 8,000 कुर्स्क क्षेत्र में तैनात हैं।